पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 12 ◆ रायपुर 20 दिसंबर 2023 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### छत्तीसगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

# जनता के आशीर्वाद और सहयोग से मोदी की गारंटी करेंगे पूरी: मुख्यमंत्री

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में विकसित भारत संकल्प यात्रा को दिल्ली सेवर्चुअल कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

*रायपुर। मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के पश्चात राजधानी रायपुर के ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर से श्री विष्णु देव साय के पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आगाज हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में संकल्प यात्रा का आगाज नई दिल्ली से वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से रथों को हरी झंडी दिखाकर किया।*



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रायपुर में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ'' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने विकास का विश्वास लेकर कार्यक्रम में पहुंचे बड़ी संख्या में उत्साहित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग से हम ''मोदी की गारंटी'' को छत्तीसगढ़ में पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने कोने में पहुंच रही है। यात्रा को शुरू हुए एक महीना हो चुका है। यात्रा हजारों गांवों के साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है। इनमें से अधिकतर छोटे-छोटे कस्बे हैं। आज छत्तीसगढ़ से भी यात्रा का शुभारंभ हो गया है। मेरा नई सरकार से आग्रह है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का अपने राज्य में तेजी से विस्तार करें। इसे हरी झंडी भले ही मोदी ने दिखाई है लेकिन सच्चाई है कि राज्यों ने इस यात्रा की कमान संभाल ली है।

**प्रधानमंत्री ने कहा: कोने-कोने में पहुंचेगी गारंटी, जरूरतमंदों को मिलेगा योजनाओं का लाभ**



## रामविचार नेताम ने ली प्रोटेम स्पीकर की शपथ, राजभवन में हुआ समारोह





**रायपुर।** रामानुजगंज विधानसभा सीट से नव निर्वाचित विधायक राम विचार नेता छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर बन गए हैं। भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने उन्हें प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत सहित अन्य नेता मौजूद थे। नेताम ने छत्तीसगढ़ी में शपथ ग्रहण किया। प्रोटेम स्पीकर नेताम अब विधानसभा सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों को विधानसभा की सदस्यता दिलाएंगे इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। नेताम छत्तीसगढ़ के छठवें और भाजपा के पहले प्रोटेम स्पीकर है। इससे पहले के पांचो प्रोटेम स्पीकर कांग्रेस के थे।

## राज्य के 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह छठवीं विधानसभा के अध्यक्ष बनाए गए

***पूर्व सीएम बघेल ने भी डॉ. रमन सिंह को बधाई दी***

रायपुर। छत्तीसगढ़ की छठवीं विधानसभा की पहली बैठक हुई। इसमें सदस्यों के शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ। राज्य के 15 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह छठवीं विधानसभा के अध्यक्ष बनाए गए हैं।



डॉ. रमन को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव सदन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रखा। इसका डिप्टी सीएम अरुण साव ने समर्थन किया। वहीं विपक्ष की तरफ से नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने डॉ. रमन को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा जिसका पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने समर्थन किया। विधानसभा अध्यक्ष के रुप में डॉ. रमन के आसंदी पर बैठने के बाद मुख्यमंत्री साय व नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत सहित अन्य नेताओं ने डॉ. रमन को बधाई दी। सीएम साय ने डॉ. रमन को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. रमन विधि विधाई कार्य के ज्ञाता हैं। इनके अनुभवों का लाभ हम सभी को मिलेगा। वहीं नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने भी डॉ. रमन को विधानसभा अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आपने 15 साल तक छत्तीसगढ़ की सेवा की है। हम सब विश्वास रखते हैं कि सभी संसदीय प्रक्रियाओं को उंचाई तक पहुंचाने में कामयाब रहेंगे। इस दौरान अन्य सदस्यों के साथ ही पूर्व सीएम बघेल ने भी डॉ. रमन को बधाई दी। बघेल ने कहा कि पहले चुनाव परिणाम के बाद मुझे लग रहा था कि सदन में मैं अकेले पूर्व मुख्यमंत्री रह जाउंगा ( बघेल की सोच थी कि भाजपा सरकार में डॉ. रमन मुख्यमंत्री बनेंगे) लेकिन साय जी मुख्यमंत्री बन गए और आप विधानसभा अध्यक्ष बन गए हैं।

## नंदकुमार साय का कांग्रेस से इस्तीफा

### छत्तीसगढ़ के आदिवासी नेता ने 8 माह पहले भाजपा छोड़ थामा था हाथ



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीनियर आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने बुधवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 8 माह पहले ही भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन की थी। तब भाजपा पर अनदेखी का आरोप लगाया था। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। कहा जा रहा है कि इसके बाद साय ने पार्टी छोड़ने का मन बनाया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद CM रहे भूपेश बघेल तब साय के साथ कई कार्यक्रम में दिखते थे। उन्हें CSIDC में अध्यक्ष का पद दिया गया था। अब खबर है कि भाजपा के नेता साय से संपर्क में हैं। चर्चा है कि नंदकुमार साय से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि साय के इस्तीफे से कांग्रेसी नेता भी अनजान थे।



*शहर की जटिल यातायात व्यवस्था को देखते हुये पृथक यातायात थाना प्रारंभ करने की मांग*

# बंद पड़े ट्रेफिक सिग्नल को चालू करने की दरकार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश के सातवें सबसे बडे नगर भाटापारा शहर मे यातायात का पृथक थाना प्रारंभ किये जाने की नितांत आवश्यकता है। अविभाजित रायपुर जिला मे रायपुर के बाद सबसे बडी आबादी वाला नगर भाटापारा मे बढती यातायात जटिलता को व्यवस्थित किये जाने की दृष्टिकोण से एक लंबे समय से यहां पर पृथक यातायात थाना प्रारंभ किये जाने की मांग की जा रहीं है जो कि अभी तक पूर्ण नहीं हुई है। वर्तमान मे सड़क पर दुपहिया चौपहिया के साथ साथ 22 चक्के वाले कैप्सूल वाहनो का प्रवेश शहर से हो रहा है जो कि आस पास के सीमेंट फेक्ट्री, अंबुजा, ग्रासीम, अल्ट्राटेक व लाफार्ज सहित शहर व क्षेत्र मे स्थित लगभग 450 राईस, दाल व पोहा मिल एवं सैकड़ो की तादाद मे कृषि उपज मंडी मे धान व उन्हारी लेकर पहुंचने वाले वाहनो के कारण समूचे शहर की यातायात व्यवस्था उलझकर रह गई है उसको मददेनजर रखते हुये शहर मे यातायात का अलग से थाना प्रारंभ कर वहां पर पर्याप्त बल तैनात किये जाने की जरूरत है। नगर मे तरेंगा नाका महारानी चौक हास्पिटल चौक रेस्ट हाउस तिराहा, गोविंद चौक, बस स्टैड चौक, पटपर चौक, सेन्ट मेरी लिंक रोड, तथा मंडी तिराहा के पास पुलिस का ट्रेफिक्र बल तैनात किये जाने की नितांत आवश्यकता है इसके अलावा शहर के चारो ओर बाईपास मार्ग पर भी ट्रेफिक्र पुलिस बल की तैनाती जरूरी है। नगर के दो दर्जन से अधिक स्कूल कालेज व शैक्षणिक संस्थानो मे पढने वाले छात्र-छात्राओं के हित मे शहर के चौक चौराहे पर ट्रेफिक्र बल की तैनाती भी जरूरी है साथ हीं कुछ महत्वपूर्ण स्थलो पर बंद पडे ट्रेफिक्र सिग्नल को पुनरू चालू कर लोगों को यातायात नियमो के पालन के लिये निर्देशित किये जाने की भी जरूरत है। इसी तरह सड़क मे इधर उधर पार्किंग किये जाने वाले बस, ट्रक व अन्य माल वाहक वाहनो को यातायात नियम के परिधी मे लिये जाने की जहां आवश्यकता है वही महत्वपूर्ण सड़को पर सैकड़ो की तादाद मे अवैध पार्किंग से खडे माल वाहको को भी हटाने की दिशा मे कार्यवाही किये जाने की जरूरत है ताकि व्यवस्थित रूप से यातायात संचालित हो सके इसके अलावा शहर के अंदर 24 घंटे प्रवेश कर रहे छोटे बडे माल वाहक वाहनो को एक निश्चित समय मे हीं प्रवेश दिये जाने की जरूरत है साथ हीं विभिन्न गैरेज जो कि सड़क पर हीं अपना माल सामान उतार रहे है उन्हे अलग से व्यवस्थित किये जाने की प्रति भी कार्यवाही जरूरी है क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिको ने उपरोक्त तमाम समस्याओं के निदान के लिये भाटापारा मे पृथक रूप से यातायात थाना का शुभारंभ करने तथा पर्याप्त बल पदस्थ करने की मांग शासन से पुनरू की है।



# राष्ट्रीय स्तर का मैथ्स कन्वेशन 30 व 31 दिसंबर को डीडब्ल्यूपीएस में

**भाटापारा।** भाटापारा से 11 किलोमीटर दूर ग्राम खम्हरिया स्थित डीडब्ल्यूपीएस स्कूल मे आगामी 30 व 31 दिसंबर को दो दिवसीय 17 वां नेशनल मैथ्स कन्वेशन का आयोजन किया गया है। वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के लिये यह ऐतिहासिक रूप से उपलब्धी वाला आयोजन है। इस आयोजन मे राष्ट्र स्तरीय विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन खम्हरिया मे होगा। उक्त आयोजन विद्यालय के प्रबंधक अश्वनी शर्मा सहायक प्रबंधक संदीप गोयल एवं प्रधानाचार्य योगेश पोपट के मार्गदर्शन मे कराया जायेगा। भाटापारा, बलौदाबाजार के इतिहास मे यह पहला मौका है जब राष्ट्रीय स्तर पर मैथ्स कन्वेशन का आयोजन किया जा रहा है इस विशाल सम्मेलन मे इसरो के दस से अधिक वैज्ञानिक शामिल होंगे। ये वैज्ञानिक गणित विषय पर अपने सारगर्भित विचार रखेंगे। 30 दिसंबर को शुरू होने वाले इस ईवेंट मे देश के लगभग सभी राज्यों के कक्षा 6 वीं से 12 तक के 300 से अधिक विद्यार्थी तथा उनके सलाहकार भाग लेंगे। उक्त दो दिवसीय नेशनल मैथ्स कन्वेशन मे लगभग 10 हजार दर्शकों के पहुंचने की संभावना है 30 दिसंबर को प्रातरू 10 बजे ओपनिंग सेरेमनी अश्वनी शर्मा व संदीप गोयल एवं योगेश पोपट मार्ग निर्देशन मे होगा व शाम 6 से 8 बजे के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमे अलग अलग राज्यों से आये विद्यार्थी अपने अपने राज्यों के पारंपरिक परिधानो की प्रस्तुति देंगे बाहर से आने वाले लोगों की रहने की उत्तम व्यवस्था विद्यालय के प्रांगण मे की गई है।

# विष्णुदेव साय को ललित कला की ओर से बधाई

**भिलाई।** आदिवासी समाज के विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ से ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के प्रथम एक्जीक्यूटिव बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने उन्हें बधाई दी है। भारत को विकसित राष्ट बनाने के केन्द्र सरकार के प्रयासों और सदा से वंचित रहे वर्ग को राष्टपति, मुख्यमंत्री जैसे उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन करने के लिए उन्हे साधुवाद दिया है। इसी तरह से सुप्रीम कोर्ट संविधान पीठ के पांचों जजों द्वारा कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने के निर्णय को सही ठहराए जाने पर इसे सत्य की जीत बताया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा से पहली बार आदिवासी समाज के मिलनसार व्यक्तित्व के धनी विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया है। जिससे प्रांत ही नही पूरे भारतवर्ष के पिछड़े तबकों में हर्ष व्याप्त है। दल्ली राजहरा मे विश्व का सबसे बड़ा लौहरथ, दुनिया की सबसे छोटी मूर्तियां तथा देश के अनेक शहरों में एक से बढ़कर एक कलाकृतियां बनाकर भारत का नाम रोशन करने वाले अंकुश देवांगन ने उम्मीद जताई है कि इस नए कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति का व्यापक विकास होगा। राज्य की समृद्धि बढ़ेगी, गरीबी दूर होगी और भ्रष्टाचार मिटेगा। उन्होंने कलाजगत के समस्त कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओ की ओर से नये मुख्यमंत्री का हार्दिक स्वागत किया है। साथ ही कहा है कि आने वाले समय मे देश के तीव्र गति से विकास के लिए प्रधानमंत्री के विजन और मिशन की सराहना होनी चाहिए जिसके कारण देश अतिशीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने वाली है।



# उपसंभाग को पूर्ण संभाग दर्जा हेतु सदन में उठाया मुद्दा

## डाक विभाग के पूर्ण संभाग की मांग रखी सांसद पाण्डेय ने

ब्यूरोचीफ गौरव अग्रवाल



**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पाण्डेय ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान डाक विभाग के उप संभाग से पूर्ण संभाग का दर्जा प्रदान करने का विषय लोकसभा में उठाया । सांसद ने कहा कि डाक विभाग का संभागीय कार्यालय भिलाई में होने से कई सारे विभागीय कार्य हेतु अनावश्यक आवागमन करना पड़ता है जबकि राजनांदगांव में सम्पूर्ण व्यवस्था होने के बावजूद कार्यो में विलम्ब होता है। सांसद पाण्डेय ने सदन में कहा कि संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चार जिलो व अन्य जिले की विकासखंड अंतर्गत स्थित डाक उपसंभागो को शामिल राजनांदगांव में शामिल करते हुए डाक विभाग का पूर्ण संभाग बनाया जाये। जिस हेतु केंद्रीय संचार मंत्री ने उक्त मांग पर आश्वासन प्रदान किया है ।





**भाटापारा।** प्रिंट मेकिंग कार्यशाला ऑफलाइन।। भाटापारा मे पहली बार।। क्रिस्टमस और नये साल के उपलक्ष्य मे कलाचार आर्टिस्ट वेलफेयर सोसाइटी आपके शहर मे पहली बार प्रिंट मेकिंग कार्यशाला कर रही है।।यह 27 से 29 दिसम्बर तक कलाकक्ष आर्ट इंस्टिट्यूट कृष्णा नगर भाटापारा मे आयोजित होगी।। भोपाल से जाने माने कलाकार शुभम राज, हर्ष यादव और नेहा शर्मा द्वारा इसको सिखाया जाएगा और आगे करियर के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।।8 साल से ऊपर के बच्चे इस कार्यशाला मे भाग ले सकते है।। नामांकन की आखरी तारीख 25dec है।। जल्द से जल्द अपना नाम लिखवाये.

**सम्पर्क करें :- मेघा वर्मा संचालिका कलाकक्ष आर्ट इंस्टिट्यूट।। कृष्णा नगर भाटापारा।**

## पाकिस्तान की मदीने वाले रियासत में करोड़ों मुसलमान भूखे हैं... और जम्मू-कश्मीर के लाखों मुसलमान का पेट माता वैष्णो देवी भरती हैं

### जम्मू के हजारों मुसलमान बोलते हैं... जय माता दी !

– माता वैष्णो देवी मंदिर, कटरा में हर दिन औसतन 30 हजार श्रद्धालु आते हैं । सालाना करीब 1 करोड़ श्रद्धालु कटरा में मां के दर्शनों के लिए आते हैं । – माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की वार्षिक आय कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक सालाना 16 बिलियन डॉलर है ।

रुपए में ये कीमत बैठती है 13 खरब रुपए । अगर न्यूज मीडिया की भाषा में बात करें तो हर साल श्राइन बोर्ड की कमाई 1 लाख 31 हजार करोड़ रुपए है । आज तक की वेबसाइट बताती है कि माता वैष्णो देवी को सिर्फ चढ़ावा ही हर साल 500 करोड़ रुपए का आता है । इस बोर्ड के चेयरमैन जम्मू और कश्मीर के उप राज्यपाल यानी लेफ्टिनेंट गवर्नर होते हैं ।

–मुद्दे की बात ये है कि ये सिर्फ एक ही ऐसा मंदिर है जिसकी वजह से पूरा राज्य धन धान्य संपन्न बन जाता है । कटरा से वैष्णो देवी के मुख्य भवन तक करीब 13 किलोमीटर का सफर है और इसी 13 किलोमीटर के सफर में लाखों करोड़ों रुपए की अर्थव्यवस्था चल रही है । जिसमें सबसे ज्यादा लाभ मुसलमान उठा रहे हैं ।

–दरअसल जम्मू और कश्मीर के हजारों मुसलमानों को यहां पर रोजगार मिलता है । यहां पर हजारों मुसलमान घोड़े लेकर आते हैं उन घोड़ों पर बैठाकर वो हिंदू श्रद्धालुओं को लेकर जाते हैं और इसके बदले में उनसे हजारों रुपए पारिश्रमिक लेते हैं । एक आलसी घोड़े वाला भी यहां पर दिन भर में हजार रुपए कमाकर ही निकलता है । यानी 30–40 हजार रुपए हर महीने यहां कोई भी मुसलमान आसानी से कमा लेता है । यहां तक की हिंदू श्रद्धालुओं की मालिश करने वाले भी ज्यादातर मुसलमान ही होते हैं । वो हिंदुओं के पैरों की मालिश भी करते हैं । सामान बेचने वाले भी बड़ी संख्या में मुसलमान होते हैं जो आपको कटरा बाजार में भी नजर आ जाएंगे ।

–माता वैष्णो देवी हजारों मुसलमान परिवारों को रोजगार देती हैं और जम्मू और कश्मीर लाखों मुसलमानों का पेट भरती हैं । मैंने देखा है कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की वजह से हजारों की संख्या में मुसलमानों को रोजगार मिलता है । लेकिन वहां के मुसलमान मुझे अपने मजहब के प्रति कट्टर लगे । लेकिन वैष्णो देवी में आने वाले ज्यादातर मुसलमान जय माता दी बोलते हुए नजर आते हैं । वो एक नहीं हजार बार जय माता दी बोल सकते हैं ।

–मैं नहीं जानता कि ये मुसलमान ऊपर से दिखावा करते हैं या फिर पैसे के लिए बोलने को मजबूर हैं या फिर उनके अंदर माता के प्रति कोई श्रद्धा है । अगर इस्लाम के नियमों को ध्यान में रखें तो बुतपरस्ती इस्लाम में सबसे बड़ा अपराध है । ऐसे में बुतपरस्तों की तेल मालिश करना या बुतपरस्तों को घोड़े पर बैठाकर बुतपरस्ती के लिए ले जाना । ये सब इस्लाम के जानकार या मौलाना आपको इस्लाम के खिलाफ बताएंगे । लेकिन पेट की आग सबसे बड़ी होती है । और हिंदू संस्कृति की अर्थव्यवस्था में हमेशा से मंदिरों का बड़ा योगदान रहा है । हिंदू धर्म के मंदिरों में वो ताकत है कि वो दूसरे धर्म के लोगों का भी घर चला सकती है । लेकिन पाकिस्तान की हालत आज क्या है ? सबको पता है ? पाकिस्तान और तमाम मुस्लिम देशों में कंगाली बढ़ती जा रही है और इसकी वजह आप समझ सकते हैं ।

–पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के कुछ लोगों की तरफ से भारत सरकार को ये प्रस्ताव रखा गया है कि POK यानी पाकिस्ताी कब्जे वाले कश्मीर के प्राचीन शारदा पीठ का दोबारा जीर्णोद्धार किया जाए । इमरान खान भले ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को मदीने की रियासत बनाना चाहते हैं लेकिन पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों को लगता है कि अगर शारदा पीठ में हिंदुओं की तीर्थयात्रा शुरू हो गई तो जम्मू के मुसलमानों की तरह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मुसलमानों का पेट भी भर सकेगा और वो कम से कम इफ्तार तो कर सकेंगे जैसा कि इस वक्त पाकिस्तान में इफ्तारी का भी संकट है ।

–लेकिन मेरे मन में यहां एक प्रश्न आ रहा है और वो ये क्या जम्मू के इन मुसलमानों की घरवापसी के लिए प्रयास नहीं होना चाहिए ? क्योंकि इस्लामिक हमलावरों के राज में इन मुसलमानों के पूर्वजों ने कष्ट सहकर भयभीत होकर इस्लाम ग्रहण किया था । ये इतिहास की किताबों में लिखा हुआ है । तो क्या अब इन को दोबारा माता की शरण में लाने का प्रयास नहीं होना चाहिए ।

दिलीप पांडे

## ताज़पोशी के साथ नए संकल्पों के पथ पर ऊर्जा और विश्वास के नए आलोक में भाजपा की असली परीक्षा

भारतीय जनता पार्टी पाँच वर्षों के अपने वनवास से उबरकर नए संकल्पों के पथ पर ऊर्जा और विश्वास के नए आलोक में अपनी महत्वपूर्ण यात्रा प्रारंभ करने जा रही है। संकल्पों का यह पथ चुनौतियों के कंटकों से भरा हुआ है और भाजपा के कर्णधारों को इन चुनौतियों को पार कर विश्वास के धरातल को अपने निर्णयों, नीतियों और कार्य-संस्कृति से सतत अभिसिंचित करना है, संगठन के स्तर पर भी और सत्ता के स्तर पर भी! सत्ता के गलियारे में चहलकदमी करते वक़्त भाजपा को यह बात हमेशा ध्यान रखनी होगी कि यह माया महाठगिनी होती है। वह सत्ताधीशों को अपनी चकाचौंध में वह सबकुछ देखने ही नहीं देती, जो वास्तव में उसे देखना चाहिए और जिस काम के लिए सत्ता उन्हें साधन के तौर पर मिली है। यह अप्रत्याशित क़तई नहीं है कि भाजपा ने चुनावी मैदान मार लिया है, क्योंकि अपनी पराजय की पटकथा तो कांग्रेस के सत्ताधीशों ने सत्ता सम्हालते ही खुद अपने हाथों लिखनी शुरू कर दी थी और जिस भाजपा को तमाम राजनीतिक विश्लेषक और कांग्रेस के लोग सत्ता की दौड़ से बाहर मानकर चल रहे थे, वे मतदान के पहले चरण के क़रीब आते-आते भाजपा को कांग्रेस के मुक़ाबिल मानने लगे, हालाँकि भाजपा की जीत हो रही है, यह बात मानने और भाजपा की जीत पचाने के लिए मतगणना के पहले तक मतगणना के शुरुआती रूझानों के बाद भी वे तैयार नहीं दिखाई दे रहे थे। पर जनादेश भाजपा के पक्ष में आना था, सो आ गया। अब शपथ ग्रहण के महोत्सव के साथ भाजपा की असली परीक्षा शुरू हो रही है। विजयोल्लास के पथ पर चुनौतियों के नुकीले कंटकों पर चलते हुए उन स्वप्नों को साकार करना है, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री **भारत रत्न** श्रद्धेय अटलजी ने संजोया था, उन संकल्पों की कसौटी पर खरा उतरना है, जिसे बार-बार दुहराकर भाजपा ने यह विश्वासपूर्ण जनादेश अर्जित किया है।

यह माना जाना चाहिए कि हिन्दुत्व, विकास, सेवा, सुशासन और ग़रीब कल्याण के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे तथा मोदी की गारंटी ने भाजपा की जीत की राह को आसान बनाया है, पर उससे भी कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण बात यह ध्यान में रखी जानी चाहिए कि कर्ज़माफ़ी, मुफ़्त बिजली, मुफ़्त शिक्षा जैसे नितांत निजी फ़ायदों को अपनी ठोकर पर रखकर प्रदेश की जनता-जनार्दन ने भाजपा के वादों और घोषणाओं पर इतना अधिक विश्वास जताया कि अब तक के हुए पाँच चुनावों में भाजपा को न केवल अधिक सीटें मिली हैं, अपितु वोटों के प्रतिशत में भाजपा को एक नया रिकॉर्ड बनाने का मौक़ा दे दिया। पर जीत और सरकार में आने की इस बेला में आत्ममुग्ध होने के बजाय भाजपा के लिए भी आत्म मंथन की उतनी ही ज़रूरत है, जितनी आज कांग्रेस को है। परंतु, कांग्रेस पराजय के सबक और संदेश को कब समझ पाई है? सत्ता प्रबंधन की इतनी ही राजनीतिक समझ कांग्रेस में होती तो 71 सीटों से महज़ पाँच सालों में 35 सीटों पर नहीं सिमटती। इस सच्चाई को पूरी शिद्दत से स्वीकार करना चाहिए कि प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर विधानसभा के समक्ष हुए प्रदर्शन के साथ ही भाजपा ने अपने धारदार तेवर दिखाए और उसके बाद लगातार चले अभियानों व कार्य मों ने भाजपा की भूमिका को प्रभावी बनाया। राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान पर इस वर्ष के मध्य में हुई प्रधानमंत्री श्री मोदी की सभा ने भाजपा को राजनीतिक संजीवनी दे दी। आज धान की क़ीमत, ख़रीदे जाने वाले धान की मात्रा, दो साल का बकाया बोनस, महतारी वंदन योजना, युवाओं के लिए संभावनाओं का आकाश तलाशने की प्रतिबद्धता, जबरिया धर्मांतरण पर रोक लगाकर आदिवासी संस्कृति व परंपराओं की रक्षा और तुष्टीकरण की रक्त -पिपासु राजनीतिक प्रवृत्ति को नेस्त-ओ-नाबूद करने का प्रण, इनमें

> *विजयोल्लास के पथ पर चुनौतियों के नुकीले कंटकों पर चलकर स्वप्नों को साकार करने संकल्पों की कसौटी पर खरा उतरने की चुनौती*
>
> *सत्ता व संगठन के कर्णधार कार्यकर्ताओं का ध्यान रखें, कार्यकर्ता सत्ता और संगठन के मद्देनजर अपनी समझ विकसित करें*

से भाजपा की जीत का श्रेय राजनीतिक विश्लेषक चाहे जिसे दें, पर इन चुनावों में इस सत्य को नकारा नहीं जा सकता कि पहली बार एक दल के नाम पर चुनाव हुए हैं और इसमें व्यक्ति गौण हो गया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी इस विजय रथ के सारथी बने और इसीलिए कांग्रेस %भूपेश है तो भरोसा है% से लेकर %भरोसे की सरकार% के जुमले उछालने के लिए विवश हुई जबकि बिना कोई चेहरा सामने किए भाजपा सत्ता-सिंहासन पर विराजमान है। निश्चित रूप से भाजपा के लिए यह गर्व का क्षण है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों व साधु-संतों की मौजूदग़ी में प्रदेश के हज़ारों-हज़ार कार्यकर्ताओं के बीच प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ शपथ ली है। अब इस विचार पर भी विमर्श की शुरुआत होनी चाहिए कि मंत्रिमंडल के परंपरागत ढाँचे को कोई नया आकार दिया जाए जिसमें शामिल हर एक मंत्री समूचे प्रदेश के स्तर पर अपने विभाग की कार्यप्रणाली की न केवल समझ से भरपूर हो, अपितु अपनी विभागीय योजनाओं व कार्य मों से प्रदेश के हर एक परिवार को लाभ पहुँचा सके। जाहिर है, ऐसे मंत्रिमंडल में किसी अपराधी या भ्रष्ट प्रवृत्ति को ज़गह नहीं मिलनी चाहिए, अन्यथा ऐसे लोग सेवा-सुशासन और ग़रीब कल्याण के संकल्पों को कर्क-रोग की तरह भीतर से खोखला ही करेंगे, अपराधों को प्रश्रय देंगे, सरकार के कमाऊ पूत बनकर मनमानी करेंगे, सर्वतोमुखी विकास की अवधारणा को पलीता ही लगाएंगे। यह भी नहीं भुलाया जा सकता कि इस नई सरकार को कर्ज़ के दलदल को भी पार करना है और विकास के तमाम तक़ादों को पूरा भी करना है। 15 वर्षों के भाजपा के पूर्ववर्ती शासनकाल में जिन राजनीतिक दोषों से जनता नाराज़ हो चली थी, अब भाजपा के सत्ताधीश छाछ को भी फूँक-फूँककर पीएंगे, जनता-जनार्दन की यह उम्मीद बेमानी नहीं है।

भाजपा को अब अपने संगठन के स्तर पर भी पर्याप्त ध्यान देने की ज़रूरत महसूस होनी चाहिए। कार्यकर्ताओं को देवतुल्य बोल-बोलकर सिर्फ चुनाव तक ही उनके समर्पण, परिश्रम, पुरुषार्थ और परा म को कसीदे पढ़े जाते हैं, लेकिन चुनाव निपटने के बाद उन कार्यकर्ताओं की पूछ-परख तक नहीं होती। उनका आत्मसम्मान सत्ता के गलियारों में कराहता न मिले, उनकी अपेक्षाएँ सत्तावादी अहंकार के बोझ तले दम न तोड़ें, अब इस बात का संगठन के स्तर पर ध्यान रखा जाना चाहिए। चापलूसों-चाटुकारों की काकस मंडली सत्ता के अनुचित लाभ लेने के लिए घेरेबंदी करने में निपुण होती है, ऐसे किसी भी घेरे में कैद होकर पार्टी कार्यकर्ताओं की अनदेखी अब नहीं होनी चाहिए। ऐसी गिरोहबंदी, घेरेबंदी ने ही पिछले चुनाव में कार्यकर्ताओं को अपनी ही पार्टी से इतना दूर छिटका दिया था कि प्रदेश में 15 वर्षों की सरकार महज़ 15 सीटों पर आ गई थी! भाजपा की इस विजय के सूत्रधार प्रधानमंत्री श्री मोदी हैं तो इस सूत्र से कार्यकर्ताओं को बांधने का काम केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी व केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन ने किया। संगठन सूत्र में कार्यकर्ताओं को पिरोने में लगा भाजपा केंद्रीय नेतृत्व कार्यकर्ताओं को यह समझाने में सफल रहा कि सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में कार्यकर्ता के नाते उनकी पूछ-परख तभी है, जब पार्टी सत्ता में रहे। यह बात कार्यकर्ता समझ गए और नतीजा सामने है। दरअसल कार्यकर्ता भी सत्ता के होने का महत्व समझ गए थे। सत्ता खोने का जो अहसास पाँच साल के कांग्रेस शासनकाल में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भोगा है, उसका एक असर यह भी देखने को मिला कि इस बार कार्यकर्ता स्व-स्फूर्त पार्टी को जिताने में संकल्पपूर्वक जुटे। यह केंद्रीय नेतृत्व के प्रयासों का सुपरिणाम रहा। पर अब भाजपा का प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व इस बात पर संज़ीदगी दिखाए कि सत्ता की चौखट के पार सरकार और भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि अपने समर्पित कार्यकर्ताओं और चापलूसों-चाटुकारों में भेद करने की समझ का परिचय दें, अन्यथा राममनोहर लोहिया तो कह ही गए हैं कि ज़िंदा क़ौमें पाँच साल इंतज़ार नहीं किया करतीं। इसी तरह भाजपा के कार्यकर्ताओं को भी अपनी समझ विकसित करनी होगी। राजनीति में व्यक्ति गत महत्वाकांक्षा जागना एक स्वाभाविक प्र या है, परंतु जन-आकांक्षा और व्यक्ति गत महत्वाकांक्षा के महीन अंतर की मर्यादा का ध्यान आज भाजपा के कार्यकर्ताओं को इसलिए ज़्यादा रखना होगा क्योंकि अब वे उस स्थिति में हैं जहाँ आकांक्षाओं में संतुलन स्थापित कर अपने राजनीतिक आचरण की मर्यादा की मिसाल प्रस्तुत करें। सत्ता अपने साथ कुछ दोष सहज साथ लेकर आती है जिनमें एक दर्प है। दर्प के दर्पण में सुशासन का प्रतिबिम्ब दरक जाता है, यह बात सबको ध्यान में रखनी होगी। कार्यकर्ता समझें कि सत्ता की अपनी मर्यादाएँ होती हैं, सत्ता-संचालन की अपनी एक प्रक्रिया होती है। संगठन के निर्णय हर बार मनोनुकूल नहीं हो पाते, फिर भी विनम्रता के साथ सत्ता और संगठन से समन्वय बिठाकर कार्यकर्ता चलें। सत्ता और संगठन के कर्णधार भी अपने अल्पकालिक लाभ के लिए कार्यकर्ताओं की महत्वाकांक्षाओं को इतना न बढ़ाएँ कि वे बेलगाम होकर अराजकता का उत्सव मनाने लगें।



अनिल पुरोहित

वरिष्ठ पत्रकार

# बागबाहरा के ऐश्वर्य पुरोहित की पुस्तक स्वाधीनता के स्वर का विमोचन किया केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने

***अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन में हुआ विमोचन, पुरोहित की इस उपलब्धि के लिए सतत बधाइयाँ मिलने का सिलसिला जारी***

विशेष प्रतिनिधि द्वारा

**बागबाहरा।** नगर के युवा लेखक और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व महासमुंद जिला संयोजक ऐश्वर्य पुरोहित द्वारा लिखित पुस्तक स्वाधीनता के स्वर का विमोचन 8 दिसंबर को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया। छात्र कल्याण न्यस द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक के विमोचन से नगर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। पुस्तक का विमोचन केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने शुक्रवार को अभाविप के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में किया।

प्रदेश के सुविख्यात पत्रकार स्व. देवकृष्ण पुरोहित के सुपौत्र ऐश्वर्य पुरोहित (आत्मज = अनिल पुरोहित-ऊर्मिला पुरोहित) बचपन से ही मेधावी और अध्ययनशील प्रवृत्ति के हैं। इससे पहले उनकी एक पुस्तक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित हो चुकी है। पुस्तक के विमोचन के बाद श्री ऐश्वर्य पुरोहित ने




बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर के विद्यार्थी सदन में शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं विद्यार्थी हितों को दृष्टिगत रखते हुए छात्र कल्याण न्यास संचालित किया जा रहा है। यह न्यास विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उत्थान की दिशा में सतत कार्यशील रहने वाला एवं विद्यार्थियों को रचनात्मक रूप से राष्ट्रीय कार्यों में प्रवृत्त कराने वाला एक प्रदेशव्यापी संगठन है। विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चरित्र का विकास करना एवं उनकी ऊर्जा को रचनात्मक गतिविधियों में लगाने वाले प्रत्येक प्रयास को प्रोत्साहित करना न्यास के प्रधान उद्देश्य हैं। न्यास प्रदेश में शिक्षा, सामाजिक सद्भाव, अर्थव्यवस्था, प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन जैसे राष्ट्रीय महत्व के प्रत्येक क्षेत्र में वैचारिक आन्दोलनों के माध्यम से सतत विकास हेतु सकारात्मक वातावरण के निर्माण के



उद्देश्य से वर्षभर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय रहता है। इनके अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए न्यास द्वारा पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों के अन्तर्गत उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

श्री पुरोहित ने बताया कि साहित्य-साधकों ने भी भारतीय राष्ट्र का महान स्वाधीनता संग्राम उसी तरह लड़ा था, जिस तरह देश के लिए प्राणों का दान करने वालों के हौतात्म्य ने लड़ा था। क्रान्ति के साथ-साथ अहिंसा और सत्याग्रह के नूतन प्रयोगों को आमजन तक पहुँचाकर स्वाधीनता के स्वर को लोकस्वर बनाने वाली ऐसी ही कुछ प्रमुख साहित्यिक कृतियों से पाठक, विशेषकर इस देश का यौवन, परिचित हो सकें और उनमें साहित्य के इन मानबिन्दुओं को पढ़ने की अभिलाषा जाग सके, यही इस पुस्तक का प्रयोजन है।

पुस्तक स्वाधीनता के स्वर में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, भारतेंदु, सुब्रमण्यम भारती, वीर सावरकर, मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी, रामधारी सिंह दिनकर, रवीन्द्रनाथ टैगोर और प्रेमचंद की साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डाला गया है, जिनसे स्वीधनता संग्राम में आम जनमानस स्वस्फूर्त जुड़ने के लिए प्रेरित हुआ था। श्री पुरोहित की इस उपलब्धि के लिए सतत बधाइयाँ मिलने का सिलसिला जारी है।

सब्सिडी प्राप्त करने ईकेवाईसी की अनिवार्यता

# लोगों का हुजुम उमड़ा गैस एजेंसी में लंबी लाईन प्रात: से शाम तक



**भाटापारा।** इन दिनो शहर के घरेलू गैस उपभोक्ता शासन के नये फरमान के पश्चात अपने गैस कार्ड का सत्यापन कराने एवं गैस कनेक्शन के ईकेवाईसी कराने गैस एजेंसी के बाहर लंबी कतार मे खडे होकर अपनी बारी का इंतजार करने विवश है। प्रात: से शाम तक गैस उपभोक्ता अपने गैस कार्ड व आधार कार्ड पकड़कर लाईन मे लगकर तपस्या कर रहे है। शासन के आदेशानुसार जिस घर मे जिसके नाम से गैस सिलेण्डर व कनेक्शन है उस व्यक्ति महिला या पुरूष को गैस एजेंसी के कार्यालय मे पहुंचकर स्वयं उपस्थित होना होगा जहां आधार कार्ड दिखाकर ईकेवाईसी मशीन के माध्यम से अंगूठे का निशान देना होगा जो व्यक्ति ईकेवाईसी की की औपचारिकता व प्रक्रिया का पूर्ण रूप से पालन नहीं करेगा उसे सब्सिडी का लाभ प्राप्त नहीं हो पायेगा इस खबर के बाद से लोगों का जमावड़ा सैकड़ो की संख्या मे गैस एजेंसी की ओर लगने लगा है व लोग भारी भीड़ के बीच ईकेवाईसी कराने वहां पहुंचकर लंबी लाईन लगाने मजबूर है यह विदित रहे कि इसके पहले भी राशन कार्ड का सत्यापन कराने लोग बडी संख्या मे राशन दुकानो मे अपना ईकेवाईसी कराने जुटे हुये थे इस प्रकार प्रक्रिया दर प्रक्रिया ईकेवाईसी के चक्कर मे लोग आये दिन हलाकान हो रहे है।

# भाटापारा क्षेत्र के खेत खलिहान व नहर तालाब प्लास्टिक कचरों से पटा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे इन दिनो खेत खलिहान तालाब नहर तट व नालियों मे प्लास्टिक कचरो का ढेर लगातार बढ रहा है। भाटापारा शहरी क्षेत्र के बाहर वाले ईलाके मसलन सुरखी गांव मार्ग, धौराभांठा सिद्ध बाबा मार्ग, खोखली मार्ग, तरेंगा, बोड़तरा मजगांव मार्ग, टिकुलिया ढाबाडीह मार्ग एवं पेन्ड्री दावनबोड़ मार्ग खोलवा देवरी मार्ग, पटपर खपराडीह मार्ग सूरजपुरा दतरेंगी मार्ग दतरेंगी सेमरिया घाट मार्ग के खेत खलिहान व रोड के किनारे प्लास्टिक के पैकेट पानी पाउच, डिस्पोजल झिल्ली चम्मच, पॉलीथिन बैग व अन्य कचरे बहुंतायत मे इधर उधर फेंके जाने से लोग परेशान है उक्त स्थानो के अलावा शहर के हटरी बाजार, पुराना मछली मार्केट, बंद पडे रेल्वे अंडरब्रिज साईड, कल्याण सागर तालाब एवं कईहा तालाब क्षेत्र मे बडे पैमाने पर प्लास्टिक कचरो के फैलाव इस बात के स्पष्ट संकेत दे रहे है कि इन क्षेत्रो मे शराब बेचने वाले एवं पीने पिलाने वालो का गिरोह सक्रिय है जिसके कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्र मे प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास पाउच पैकेट का कचरा चारो तरफ फैल रहा है इस विषम परिस्थिति मे जहां एक ओर क्षेत्र के सभ्य नागरिक लोग परेशान है वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक कचरे के प्रदूषण से नदी तालाब के जल भी खतरनाक रूप से प्रदूषित हो रहे है। शहर के नजदीक बहने वाली शिवनाथ नदी के तट टोहड़ी घाट, सेमरिया घाट व कुम्हरखान एनीकट के पास भी बडे पैमाने पर तमाम प्लास्टिक कचरे इस बात के सबूत दे रहे है कि लोग नदी किनारे सैर सपाटे के नाम पर पहुंचकर प्रदूषण को बडे पैमाने पर फैला रहे है जिससे नदी जल को दूषित होने का खतरा लगातार बढ रहा है शहर व ग्रामीण क्षेत्र मे बढ रहे प्लास्टिक कचरे के फैलाव को रोकने की दिशा मे प्रशासन को कठोर कदम उठाना चाहिये ताकि महत्वपूर्ण स्थल तालाब व नदी सुरक्षित रह सके। खासकर खेत खलिहान मे पडे डिस्पोजल भी लोगो के स्वास्थ्य के हिसाब से घातक साबित हो रहे है इस दिशा मे लोगों ने प्रशासन के लोगों से ठोस कार्यवाही की अपेक्षा की है।



# अनेक ट्रेनों का परिचालन रद्द एवं मार्ग परिवर्तन किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा रेल्वे के विभिन्न मार्ग मे अनेक निर्माण कार्य व इंटर लॉकिंग कार्य के कारण फिर से अनेक महत्वपूर्ण यात्री ट्रेन को रदद कर दिया गया है। इसी सिलसिले मे आगामी 7, 10, 14 व 17 दिसंबर को 12482 तिरुपति बिलासपुर एक्सप्रेस के परिचालन को रदद किया गया है इसी प्रकार आगामी 9, 12, 16 व 19 दिसंबर को 17481 बिलासपुर तिरुपति एक्सप्रेस को रदद किया गया है। इसी तरह 17 को 22620 तिरुनेलवेली बिलासपुर एक्सप्रेस के रास्ते मे परिवर्तन किया गया है उक्त ट्रेन रेनिगुंटा, गुंतकल, सुलेहल्ली, सिकंदराबाद, काजीपेठ व बल्लारशाह होकर चलेगी इसी प्रकार 17 दिसंबर को 22815 बिलासपुर एर्नाकुलम एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित किया गया है उक्त ट्रेन बल्लारशाह, काजीपेठ, सिकंदराबाद, सुलेहल्ली, गुंतकल व रेनिगुंटा जंक्शन होकर चलेगी आगामी 13 व 16 दिसंबर को ट्रेन नंबर 22647 कोरबा कोचुवेली एक्सप्रेस को भी परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा जिसमे यह ट्रेन रेनिगुंटा जंक्शन से धोने काचीगुडा, निजामाबाद, मुदखेड, पिंपलखुदी व नागपुर होकर चलेगी इसी तरह 11 व 14 दिसंबर को 22648 कोचुवेली कोरबा एक्सप्रेस, नागपुर, पिंपलखुदी, मुदखेड, निजामाबाद, काचीगुडा, धोने व रेनिगुंटा होकर कोरबा आयेगी।

# गुरू सिंग सभा का चुनाव संपन्न, त्रिलोक बने अध्यक्ष



**भाटापारा।** स्थानीय पंजाबी गुरूद्वारा गुरू सिंग सभा के महत्वपूर्ण द्विवार्षिक चुनाव मे मतदान प्रक्रिया सौहाद्र पूर्ण वातावरण मे संपन्न हुई। देर शाम को घोषित परिणाम मे सरदार त्रिलोक सिंग सलूजा अध्यक्ष बनाये गये। सलूजा के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अरूण बंटी छाबड़ा, देवेन्द्र मिक्कू सचदेव, राजा टुटेजा, कन्हैया सेठी, धर्मजीत छाबड़ा, बलविंद सिंग, अमरजीत सलूजा, मंजीत सिंग हैप्पी, नरिन्द्र सिंग बाली, दारा सिंग राणा, जानवी राणा, हरमिंदर चांवला, सुशील छाबड़ा, दीपक छाबड़ा, सुरेश छाबड़ा, रघुवीर मक्कड़, इद्रजीत सिंग राणा, जॉनी राणा, हरमिदर चावला, गुलशन सचदेव, भाग सिग सलूजा, महेन्द्र सिग सलूजा, विक्की सलूजा, हरभगवान छाबड़ा, भगत सिग छाबड़ा, अमरजीत सिग सलूजा स्मार्ट व मंजीत सिग छाबड़ा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है। अपने निर्वाचन के बाद त्रिलोक सिग ने सभी लोगो को साथ लेकर संकल्प के साथ समाज के हित मे कार्य करने की बात कही है।

# अयोध्या धाम से अक्षत कलश मांवली मंदिर पहुंचा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** राम जन्म भूमि अयोध्या मे भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी 2024 को होगा इसके लिये अक्षत कलश व निमंत्रण संपूर्ण देश के प्रत्येक घर तक पहुंचाने के लिये एक वृहद अभियान चलाया गया है इसी श्रृंखला मे क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल सिंगारपुर मावली मे अयोध्या धाम से अक्षत कलश का सिंगारपुर आगमन हुआ जहां 12 मंडलो के प्रमुखजनो को अक्षत कलश विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चारण के बीच सौंपा गया यहां से प्रमुखों द्वारा अपने अपने गांव व क्षेत्र के पूज्य स्थल देवालय व मंदिर मे आमजनो के दर्शन के लिये रखा जायेगा इसके तहत प्रत्येक गांव व वार्ड मे भव्य शोभायात्रा के साथ हर घर निमंत्रण पहुंचाया जायेगा। यह कार्य आगामी 15 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। प्रत्येक गांव के साथ साथ सभी शहरो मे 22 जनवरी को विभिन्न समितियों के माध्यम से अखण्ड राम नाम का पाठ रामायण महाआरती कर रामप्रसादी घर घर पहुंचाया जायेगा साथ हीं प्रत्येक घरों मे दीप जलाकर व ध्वज लगाकर दीपावली की भांति आतिशबाजी करते हुये उत्सव मनाया जायेगा। सिंगारपुर के पवित्र स्थल पर अक्षत कलश के आगमन के दौरान तुलेन्द्र वर्मा, दीनदयाल साहू, विवेकानंद, मनोज पांडे, शुभम वर्मा, सरोज अग्रवाल, नंदकुमार, बसंत वर्मा, रामू साहू, हर्ष तिवारी, पवन वर्मा, कोमल यदू, टिक्की वर्मा, सुनील वर्मा, चोलाराम वर्मा, शिवम पांडे, अरूण निषाद, लक्ष्मी वर्मा, श्याम सुंदर वर्मा, डोमन देवांगन व नीतिश साहू सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित हुये। उक्त कार्यक्रम मे सुरेश वर्मा का अहम योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

# कुकदा में पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 24 को

**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम कुकदा मे आगामी 24 दिसंबर को सतनाम युवा समिति द्वारा पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता मे विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपये तथा द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार साढे तीन हजार रूपये व चतुर्थ पुरस्कार 2 हजार रूपये एवं पंचम पुरस्कार 1 हजार रूपये प्रदान किये जायेंगे। उक्त पंथी नृत्य प्रतियोगिता मे बेस्ट गायक, बेस्ट संगीत, बेस्ट नृत्य, बेस्ट वेशभूषा, बेस्ट मंदरहा, बेस्ट कला पर भी अलग से पुरस्कार दिये जायेंगे। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले प्रत्येक टोली को आयोजनकर्ताओं के द्वारा 501 रूपये नगद राशि व श्री फल भेंटकर सम्मानित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम मे नवनिर्वाचित विधायक इंद्र साव, सतीश अग्रवाल, भागमती ध्रुव, भूपेन्द्र सेन अतिथि के रूप मे उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन मे धनेश्वर प्रसाद बघेल, मनहरण बघेल, संदीप बघेल, सुखदास बघेल, रविंस बघेल, भूपेश जांगडे, ललित मिरी, नयन दास गायकवाड़, सुनील मिरी, राज कोशले, देवेन्द्र बघेल, देवानंद जांगडे, टकेश्वर बघेल, विकास पात्रे, सुखदेव बघेल, राहुल मिरी व प्रीतम मिरी सक्रिय है। उपरोक्त आयोजन मे कौशिल्या ध्रुव, अशोक निषाद, मोहन बघेल, बाबू घृतलहरे, शिवप्रसाद घृतलहरे, देव सिंग ध्रुव, कमल मिरी, रविकांत यादव, राजवीर पोर्ते व राममूर्ति ध्रुव भी उपस्थित रहेंगे।

# व्यवहार न्यायालय का स्थापना दिवस संपन्न



**भाटापारा।** व्यवहार न्यायालय भाटापारा का स्थापना दिवस गत दिनो मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे हाई कोर्ट बिलासपुर के न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडे उपस्थित थे। इस दौरान उन्होने नई बिल्डिंग का प्रस्ताव छ.ग. उच्च न्यायालय से कराकर शासन को भेजने का आश्वासन दिया है उक्त अवसर पर भाटापारा, सिमगा, कसडोल व बलौदाबाजार के न्यायाधीश, अधिवक्ता व न्यायलयीन कर्मचारी बडी संख्या मे अर्जीनवीस उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उमेश शर्मा ने किया। उक्ताशय की जानकारी जितेन्द्र मिश्रा ने दी है।

# ईतवारी राम स्कूल में एनसीसी स्थापना दिवस मनाया गया




**भाटापारा।** ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल मे एनसीसी दिवस कार्यक्रम मनाया गया जिसमे बिलासपुर के कमांडिंग आफिसर अमिताभ श्रीवास्तव व संजीव राय उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के दौरान पुखराज मांझी, दिनेश शर्मा व रितेश चौबे के मार्गदर्शन मे माता देवालय वार्ड स्थित तालाब की सफाई की गई। उक्त अवसर पर रूपलेखा वर्मा, मोहन वर्मा, गोपी, प्रहलाद निषाद, प्रकाश गर्ग, वेदप्रकाश कुशवाहा, लीलाधर वर्मा, किशन मौर्या, प्रमोद कुमार, अर्पित यादव, अखिलेश, जीपी वर्मा, पीआर शर्मा, देवलाल बघमार, शंकर ध्रुव, मीनू कुशवाहा, एनपी साहू, आर भालेराव, केके यादव, डीपी साहू, अर्चना वर्मा, जे लकडा, संतोषी कंवर, कामना ध्रुव, दीपिका साहू, सालिकराम साहू व उदय सिंग सहित बडी संख्या मे एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

# आजादी के 76 वर्ष बाद भी भाटापारा में स्वयं का डाक घर भवन नहीं

## वर्तमान किराये का भवन में उपरी हिस्से में डाक घर होने से बुजुर्ग परेशान




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर मे आजादी के 76 वर्ष बाद भी भाटापारा डाक विभाग का स्वयं का भवन नहीं होने से यह आज भी किराये के भवन पर संचालित हो रहा है जो कि एक दुर्भाग्यजनक विषय है जबकि रायपुर के बाद भाटापारा एक प्रमुख डाकघर है जहां पर कार्य का सर्वाधिक लोड है।




साथ हीं यहां पर डाक घर के विभिन्न बचत खाता मे भारी भरकम राशि जमा है जिसमे हजारों खाता धारक लेन देन करते है वहीं मोबाईल, इंटरनेट एवं संचार क्रांति के इस दौर मे अब चिटठी पत्री का दौर कमजोर पड़ गया है पहले की तुलना मे अब पोस्ट कार्ड अंतरदेशीय एवं लिफाफ की बिक्री डाउन हो गई है वहीं अरसे पूर्व शहर के विभिन्न हिस्सों मे लगाये गये डाक घर के लालरंग के छोटे बडे डिब्बे जिसे की पोस्ट बाक्स कहा जाता था और जिसमे चिटठी लिखने वाले व रेडियो फरमाईस भेजने वाले पोस्ट कार्ड बडे पैमाने पर डाले जाते थे वे अब शहर के विभिन्न स्थलों से विलुप्त हो रहे है।

डाक घर के बाहर भी एक छोटे आकार का डिब्बा लटक रहा है जिसमे कभी कभार लोग चिटठी पत्री लिखकर डालते है वहीं स्पीड पोस्ट व डाक लिफाफ के कद्रदान अभी भी मौजूद है खासकर विभिन्न नौकरियो के लिये आवेदन एवं अन्य कागजात भेजने के लिये लोग स्पीड पोस्ट सेवा का उपयोग कर रहे है वहीं पार्सल सुविधा भी अभी जारी है जिसका लोग उपयोग कर रहे है इस बीच भाटापारा डाकघर से जुडे सैकड़ो उपभोक्ताओं की यह आम शिकायत है कि डाक घर का वर्तमान किराये का भवन उपरी हिस्से मे होने से उम्रदराज पुरूष व महिलाओं को डाकघर तक पहुंचने मे दिक्कतो से जुझना पड़ता है लंबी सीढी चढने के बाद वर्तमान डाक घर तक पहुंचना बुजुर्गो के लिये कष्टप्रद साबित हो रहा है एक लंबे समय से क्षेत्र के नागरिक डाक घर का स्वयं का भवन भाटापारा मे निर्माण कराने की मांग केन्द्र शासन से कर रहे है लेकिन इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिये जाने के कारण आजादी के 76 वर्ष बाद भी भाटापारा मे डाक घर का स्वयं का भवन नहीं है और किराये मे चल रहे वर्तमान डाक घर के उपरी हिस्से मे होने से मुसीबत और बढ गई है जनहित मे डाक घर को प्रथम तल पर किसी भी नये स्थल पर स्थापित करने एवं नये डाक घर का स्वयं का भवन बनाने की मांग लोगों ने पुनरू की है।

# हरी सब्जियों के भाव गिरने से लोगों को राहत

## लहसून आसमानी उंचाई पर टमाटर औंधे मुंह नीचे गिरा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** मिचौंग तूफान के कारण क्षेत्र मे असमय हुई बारिश के बाद सब्जियो के फसल को हुये नुकसान से सब्जी उत्पादक अपने उत्पादन क्षेत्र मे काफी परेशान रहे है इस बीच मौसम खुलने के बाद अब स्थिति कुछ हद तक सुधर रहीं है जिसके कारण क्षेत्र मे लोकल सब्जी बाडियो से हरी सब्जियो की भरपूर आवक होने से महंगाई का ग्राफ नीचे गिरा है खासकर हरी सब्जी मे टमाटर का भाव औंधे मुंह गिर गया है लोकल आवक के साथ साथ लैलूंगा, जशपुर व धमधा क्षेत्र से टमाटर की भरपूर आवक के कारण भाटापारा सब्जी बाजार मे टमाटर के भाव औंधे मुंह गिर गया है। बुधवार शाम को टमाटर 20 रूपये मे 3 किलो बेचा गया जिससे लोगों को काफी राहत का एहसास हुआ इसी प्रकार अन्य हरी सब्जी जिसमे लौकी, पत्ता गोभी, फूल गोभी, बरबटटी, सेमी, भिंडी, मटर, लाल भाजी, टमाटर, भटा, कुम्हडा, धनिया, मिर्ची व चौलाई भाजी सहित कुछ अन्य सब्जियो के भाव आम आदमियो के पहुंच के अंदर चल रहे है मूली भी 10 रूपये किलो पर बिकने लगा है वहीं मुनगा, ढेंश, परवल, करेला, गंवार फल्ली व शिमला मिर्ची सहित कुछ अन्य सब्जियो के भाव अभी भी तेजी लिये हुये है लोग लोग इस बीच घूम घूमकर अपनी



मन पसंद हरी सब्जियां वाजिब भाव मे खरीद रहे है इस बीच प्याज के बढते रेट ने लोगों के आंखो मे डबल आंसू ला रखे है वहीं लहसून भी रिकार्ड तोड़ महंगाई की ओर बढ रहा है बुधवार को लहसून 280 रूपये प्रतिकिलो पर बेचा गया है वहीं प्याज 50 से 55 रूपये किलो मे अभी भी लोगों को रूला रहा है।

# मौसम परिवर्तन के साथ ही भाटापारा क्षेत्र में कफ -खासी- बुखार के मरीज बढ़े



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** मौसम ने बदलाव के बढ रही ठंड के चलते लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। शहर के अनेक निजी व शासकीय चिकित्सालय मे इन दिनो कोल्ड कफ बुखार व सर्दी से पीडित मरीज बडी संख्या मे अपने उपचार के लिये पहुंच रहे है। ज्यादातर मरीज उम्रदराज है वहीं छोटे छोटे बच्चों मे भी सर्दी खांसी बुखार की शिकायतें होने से बाल मरीज भी बच्चों के हास्पिटल मे दाखिला ले रहे है जहां उनका उपचार जारी है। इस बीच शहर के दो दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर्स मे एंटी बायोटिक व एलर्जी के दवाओं की बडे पैमाने पर भी बिक्री हो रहीं है ज्यादातर मरीज जो सर्दी खांसी बुखार से पीडित है वे निजी हास्पिटल मे डाक्टरो की फिस के अलावा उनके द्वारा पर्ची मे लिखी हुई दवाई को क्रय करने के बजाय सीधे मेडिकल पहुंचकर दवाई खरीद रहे है जिसमे बुखार, सर्दी, खांसी, कोल्ड कफ एवं हाथ पैर दर्द व सिर दर्द की दवाईयां बडे पैमाने पर बिक रही है इस बीच नगर के विभिन्न अनुभवी डाक्टरो का कहना है कि बारिश के बेमौसम बरसने के बाद ठंड के आगमन के साथ हीं मौसम परिवर्तन के चलते कोल्ड कफ बुखार, सर्दी व हाथ पैर दर्द के शिकायतों के मरीज बढ गये है ऐसी सूरत मे मरीजों को डाक्टरो से सलाह लेकर हीं दवाईयों का सेवन करना चाहिये वहीं हार्ट पेशेंट मरीज को मॉर्निंग वॉक जैसे कृत्य अल सुबह नहीं करना चाहिये क्योकि सुबह ठंड की अधिकता होने से हार्ट पेशेंट मरीज को परेशानी से जूझना पड़ सकता है बदलते हुये मौसम ने लोगों को गर्म कपडे पहनकर हीं बाहर निकलना चाहिये बहरहाल नगर के तमाम निजी हास्पिटल व सरकारी हास्पिटल मे सर्दी, बुखार, सिर दर्द व हाथ पैर दर्द के शिकायत लेकर बडी संख्या मे मरीज पहुंच रहे है।

# नये व पुराने साल में लोग बाहर घूमने जाने हेतु आतुर

## ट्रेनों में टिकट के लिये मारा मारी अनेक करा रहे हैं एयर टिकट तो कई सड़क मार्ग पर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सन 2023 की बिदाई एवं नये वर्ष 2024 के आगमन के बीच अब लगभग एक पखवाड़ा का समय ही बच गया है इस बीच भाटापारा शहर के लोग नये वर्ष के आगमन व चालू वर्ष के बिदाई को लेकर जश्न मनाने नगर से बाहर जाकर अपने मित्र यार परिवार के साथ विभिन्न स्थलो की ओर जाने अभी तैयारी मे जुट गये है जिसके कारण विभिन्न यात्री ट्रेनो मे रिजर्वेशन टिकट के लिये भाटापारा स्टेशन पर भारी भीड़ उमड़ पडी है।





टिकट काउंटर पर ज्यादातर दूरस्थ की ट्रेनो मे लोगों को कफंर्म टिकट नहीं मिल पा रहीं है खासकर स्लीपर व एसी मे जो टिकट मिल रहीं है वह 26 जनवरी 2024 के बाद की दिख रहीं है जिससे लोग हताश निराश है व ट्रेन की टिकट के लिये अनेक प्रकार के जुगाड़ मे लगे है जिसमे टिकट दलाल के अलावा अन्य प्रकार के एप्रोच व माध्यम से दरवाजा खटखटा रहे है अनेक हताश निराश लोगों ने तो एयर टिकट कराकर हवाई सफर तय करने का मूड बना लिया है वहीं सैकड़ो लोग चौपहिया वाहनो के जरिये सैर सपाटा पर जाने की तैयारी का मन बना लिया है। भाटापारा क्षेत्र से अधिकांश लोग पुराने नये साल के बीच बनारस, अयोध्या, पुरी, जम्मू, कटरा, शिरड़ी, गंगा सागर, द्वारिका, नासिक, त्रयंबकेश्वर, उदयपुर, जोधपुर, जयपुर, मुंबई, उज्जैन, मथुरा, वृंदावन, हरिद्वार, जैसलमेर व अमृतसर सहित अन्य स्थलो का चयन कर लिया है वहीं युवाओं की ज्यादातर फौज गोवा, बैंगलोर, हैदराबाद, नई दिल्ली, मनाली, पुडुचेरी, कसोल, मैकलॉड गंज हिमाचल प्रदेश, कोलकाता, कुर्ग कनार्टक, गुडगांव, लददाख, हम्पी कनार्टक, दीव गुजरात, श्रीनगर, कन्याकुमारी के अलावा केरज राज्य के मुन्नार, वागामन, कोकल्लम तमिलनाडु के कोदाईकनाल सहित अन्य स्थलो की ओर जाने के लिये प्रोग्राम तैयार कर बैठे है वहीं शहर के ज्यादातर परिवार के साथ जाने वाले लोग सिद्ध विनायक मुंबई, गेटवे आफइंडिया, मरीन ड्राईव, महाकाल उज्जैन, महाबलीपुरम विशाखापटटनम, एलेप्पी, रणथनभौर राजस्थान की ओर जाने के लिये अपनी टिकट करा चुके है वहीं व्यवसाय से जुडे अनेक युवा थाईलैड की पटाया की ओर जाने एयर टिकट करा चुके है। नगर के मध्यम वर्ग के लोग जिनकी तादाद सैकड़ो मे है वे भी नये साल का जश्न मनाने लोकल पिकनिक स्पाट की ओर जाने के लिये अभी से चौपहिया वाहनो की बडे पैमाने पर बुकिंग कर चुके है जिसमे भोरमदेव कवर्धा, जतमई घटारान, राजिम, डोंगरगढ, चंन्द्रपुर, चंण्डी मंदिर, खल्लारी बागबाहरा, मल्हार, मैहर, अमरकंटक, चौतुरगढ, रतनपुर, सतरेंगा के अलावा कान्हा किसली, बारनयापारा व अन्य स्थान की ओर जाने वाले की तादाद बहुंतायत मे है कुल मिलाकर नये व पुराने साल के बिदाई व जश्न मे लोग बाहर घूमने के लिये पूरी तरह तैयार बैठे है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर धान खरीदी एवं बोनस वितरण के संबंध में मुख्य सचिव ने अधिकारियों की ली बैठक



## मुख्य सचिव ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने आज यहां राजधानी रायपुर स्थित चिप्स कार्यालय में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली।

यह बैठक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी के परिपालन में राज्य के किसान भाईयों के बकाया धान बोनस की राशि के भुगतान की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों और जिला कलेक्टरों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के लिए आयोजित हुई।

मुख्य सचिव ने राज्य में समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सुशासन दिवस की तैयारियां और घोषणा पत्र के परिपालन में दो वर्ष के बकाया धान बोनस राशि वितरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों को इस संबंध में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को विशेष अभियान चलाकर लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू सहित सभी विभागीय सचिव व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाटापारा मंडी में धान की भरपूर आवक के साथ साथ पर्याप्त भाव



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

***भाटापारा।** इस वर्ष बंपर धान उत्पादन के कारण भाटापारा कृषि उपज मंडी मे धान की आवक निरंतर रूप से तेज बनी हुई है जबकि जगह जगह विभिन्न सोसायटियों मे धान खरीदी समर्थन मूल्य पर जारी है उसके बावजूद भाटापारा मंडी मे भरपूर आवक होने से मंडी प्रांगण लबालब धान से भरा हुआ है।*

वहीं गुरूवार को किसानो को धान का अच्छा भाव भी प्राप्त हुआ जिसमे विष्णु भोग ईनेम धान 3340 प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, श्रीराम धान 3110 प्रति क्विंटल के दर पर बिका, एचएमटी धान 2901 प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, एचएमटी ईनेम धान 2531 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर उच्चतम रूप से बिका वहीं महामाया नया धान को 2500 रूपये के उच्चतम भाव पर बेचा गया, मोटा मिक्स धान 2110 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर किसानो ने बेंचा इसके अलावा उन्हारी उपज मे कोदो 3000 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, गेहूं 2501 रूपये, गेहूं ईनेम 2531 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, चना ईनेम 5400 रूपये प्रति क्विंटल तथा चना 5105 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका इसी प्रकार तिवरा ईनेम 4640 रूपये एवं तिवरा 4640 रूपये प्रति क्विंटल के उच्चतम दर पर बेचा गया, मसूर ईनेम 5460 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं मसूर 5300 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका इसी प्रकार अन्य उन्हारी जींस की आवक कमजोर रहीं इस प्रकार इस वर्ष क्षेत्र मे धान फसल की बंपर उत्पादन से विभिन्न धान संग्रहण केन्द्रो मे खरीदी के बावजूद भाटापारा कृषि उपज मंडी मे धान की निरंतर भरपूर आवक जारी है।

भाटापारा क्षेत्र में बुलडोजर की कार्यवाही जरूरी

# चहुंओर हो रहे हैं अवैध कब्जे और तो और तालाब, नहर, चारागाह व श्मशान भूमि भी सुरक्षित नहीं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर व क्षेत्र मे बढ रहे अवैध अतिक्रमण को मददेनजर रखते हुये यहां पर भी रायपुर बिलासपुर की तर्ज पर बुलडोजर चलाये जाने की सख्त जरूरत है। नगर के प्रायरू सभी वार्ड मोहल्लो, गलियो, चौक चौराहों मे पिछले दस वर्षो के दौरान अवैध कब्जा बेशुमार बढा है जिससे सड़कों की चौडाई कम हो गई है।



वहीं चौक चौराहों व गलियो की भी हालत तंग बस्ती की तरह हो गई है जबकि नगर मे दिन दूनी रात चौगुनी की रफ्तार से दुपहिया चौपहिया वाहनो की संख्या बढने के बाद सड़क पर आवाजाही इतनी अधिक हो गई है कि अब ऐसा प्रतीत होने लगा है कि सड़कों की चौड़ाई को उसके पूर्व के मूल स्वरूप मे लाने के लिये प्रशासन को बुलडोजर चलाते हुये अवैध कब्जा करने वालो को बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही करने आगे आना चाहिये ताकि सड़को को उसके मूल स्वरूप मे पहचान मिल सके। राजस्व प्रशासन, पालिका प्रशासन, कृषि मंडी प्रशासन, नजूल प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिनस्थ प्रायरू सभी क्षेत्रों मे अवैध कब्जा मनमाने ढंग से बढ गया है। नगर के बाहर टेंहका भांठा पंचशील नगर मे अवैध कब्जा करने वालो के बीच प्रतिस्पर्धा चल रहीं है होड़ मची है। अवैध कब्जा करने वालो के हौसले इतने अधिक बुलंद है कि अब सड़क के दोनो छोर पर अवैध कब्जे से दुकान बनाये जा रहे है वहीं कृषि भूमि चारागाह, श्मशान भूमि तक अवैध कब्जाधारी दस्तक देकर वहां भी कब्जा जमाने से बाज नहीं आ रहे है शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा, दतरेंगी, दतरेंगा, सेमरिया घाट मार्ग, खोलवा, तरेंगा, खोखली, नई मंडी के



**नगर में पहले से हीं लोगों ने महत्वपूर्ण तालाबों के तट पर अवैध कब्जा कर तालाब के अस्तित्व को भी खत्म करने का प्रयास किया है**

जहां रोज पांच दस अवैध कब्जे से कच्चे पक्के मकान बेखौफ बन रहे है। शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वहां लिये प्रस्तावित क्षेत्र कोड़ापार सेमरिया मुढीपार के लगभग तीन एकड़ क्षेत्र मे भी नये अवैध कब्जे करने लोग पहुंच गये है इसी प्रकार भाटापारा शाखा नहर के किनारे भी बडे पैमाने पर अवैध कब्जे हो रहे है। नगर मे पहले से हीं लोगों ने महत्वपूर्ण तालाबों के तट पर अवैध कब्जा कर तालाब के अस्तित्व को भी खत्म करने का प्रयास किया है वहीं कुछ महत्वपूर्ण नहर नाली पर भी लोगों ने अवैध कब्जा कर उस पर पक्का चबूतरा व प्लेटफार्म बनाकर जल निकासी को भी रोक दिया है जिससे एन बरसात के वक्त जल जमाव व जल भराव की स्थिति भी उत्पन्न हो रहीं है। अवैध कब्जा शहर थाना क्षेत्र से लेकर कालेज पहुंच मार्ग तक बहुंतायत मे होने से सदर बाजार की महत्वपूर्ण एवं व्यस्त सड़क जो सन 1935 मे लगभग 40 फीट चौडी थी वह आज 20 फीट मात्र रह गई है जिसके कारण संपूर्ण मार्ग मे यातायात अवरूद्ध रहना आम बात बन गई है जनहित मे भाटापारा क्षेत्र मे बुलडोजर की कार्यवाही जरूरी हो गया है। यह कार्यवाही कृषि उपज मंडी क्षेत्र के एक बडे भू भाग पर भी चलाये जाने की जरूरत है क्योकि वहां पर बडे बडे अवैध कब्जे से दुकान व मकान बनाये जा रहे है लेकिन प्रशासनिक कार्यवाही कमजोर होने से अवैध कब्जा करने वालो के हौसले सातवे आसमान पर पहुंचने लगे है।

## भाटापारा में आवारा कुत्तों का आतंक कुत्ते काटने की अनेक शिकायतें

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर की सड़को मे इन दिनो आवारा कुत्तो के आतंक से लोग परेशान है। नगर मे एक लंबे समय से आवारा कुत्तो के विरूद्ध बधियाकरण की कार्यवाही नहीं होने से संपूर्ण क्षेत्र मे हजारो की संख्या मे आवारा कुत्ते घूम रहे है। आवारा कुत्तो के द्वारा सड़क पर आतंक मचाते हुये अनेक लोगो को काटे जाने की लगातार शिकायतें मिल रहीं है उसके बावजूद पालिका प्रशासन द्वारा इस दिशा मे कोई कारगर उपाय नहीं किये जाने से लोग भयभीत है। नगर मे तत्कालिन पालिकाध्यक्ष डॉ.बसंत भृगु के कार्यकाल मे आवारा कुत्तो के विरूद्ध अभियान चलाया गया था उसके बाद से अब तक आवारा कुत्तो के विरूद्ध ठोस कदम नहीं उठाये जाने से गली मोहल्ले वार्ड चौक चौराहे हाट बाजार एवं बस स्टैड रेल्वे स्टेशन क्षेत्र मे आवारा कुत्ते बडी तादाद मे खुले आम घूमते हुये सड़क पर धींगा मस्ती कर रहे है वहीं अनेक कुत्ते लोगों को काटकर शारीरिक रूप से उन्हे नुकसान पहुंचा रहे है पिछले एक सप्ताह मे अंबेडकर चौक सहित अन्य स्थानो पर दर्जनभर से अधिक लोगों को आवारा कुत्तो ने काटकर जख्मी कर दिया है जिसका उपचार वे हास्पिटल मे करा रहे है हास्पिटल के उपचार मे कुत्ता काटने के शिकार लोगों को रेबीज का इंजेक्शन लगाना पड़ रहा है अनेक कुत्ता काटने के शिकार लोग अपना उपचार निजी हास्पिटल मे करा रहे है तो कुछ लोग देशी दवाई का उपचार ले रहे है इस तरह नगर मे आवारा कुत्तों के आतंक से लोग पीडित होकर प्रशासन से गुहार लगा रहे है कि आवारा कुत्तो के नियंत्रण के लिये ठोस कदम उठाया जाये साथ हीं पागल किस्म के ऐसे कुत्ते जो लोगों को काटकर जख्मी कर रहे है उसके लिये भी ठोस कदम उठाये जाने की जरूरत है क्योकि आम तौर पर सड़को पर छोटे छोटे बच्चे खेलते हुये नजर आते है वहीं सैकड़ो बच्चे स्कूल व आंगनबाड़ी की ओर आते जाते है उनकी सुरक्षा की दृष्टिकोण से आवारा कुत्तो का धर पकड़ करते हुये उनके बधियाकरण एवं अन्य उपाय किये जाने की नितांत आवश्यकता है।

## मौसम के खुलते ही होने लगा ठंड का एहसास, गरम कपड़ों का बाजार गर्म

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर मे मौसम साफहोने के बाद अब लोगो ने राहत की सांस ली है। इस बीच ठंड का प्रकोप बढने से शहर के बाजार मे गरम कपड़ो की बिक्री अप्रत्याशित रूप से बढ गई है शहर के तमाम दुकानो मे गरम कपड़ा स्वेटर, जैकेट, कंबल, शाल, कंटोप, मंकी कैप, गलाबंद एवं कंनचप्पी तथा अन्य उनी वस्त्रो की बिक्री बढ गई है। शहर के गरम कपड़ा विक्रेता के दुकानो मे पंजाब, दिल्ली व अन्य स्थानो से गरम कपडो के गठान बडे पैमाने पर उतरने लगे है वहीं युवाओं की पहली पसंद नये वेरायटी के जैकेट खरीदने मे है इसके अलावा स्वेटर व अन्य गरम कपड़ो की वेरायटी की बिक्री भी बडे पैमाने पर हो रहीं है।



गत वर्ष की तुलना मे गरम कपडे महंगे दामो पर बिक रहे है जिससे लोगों को महंगाई का एहसास होने लगा है लेकिन ठंड से बचाव के लिये गरम कपडे जरूरी है इसलिये महंगाई के बावजूद लोग गर्म कपडे क्रय कर रहे है वहीं अनेक समाजसेवी संस्थाओं ने रेल्वे स्टेशन मे निरीह रूप से पडे लोगों को कंबल दान स्वरूप वितरित कर ठंड से बचाने का प्रयास किया है। गत दिनो शहर पुलिस प्रशासन द्वारा भी जरूरतमंद बच्चों को गरम कपडे कुछ संख्या मे वितरित किये गये थे इस बीच ठंड के कारण बाजार मे स्कूल बच्चे भी अपने पालकों के साथ गर्म कपडे खरीदने बडी संख्या मे पहुंच रहे है। इधर ठंड के कारण जगह जगह लोग अलाव जलाकर दिन काट रहे है बस स्टैड, रेल्वे स्टेशन व अनेक स्थलो पर अलाव का सहारा लोग ले रहे है वहीं नगर के होटल ढाबो मे गरम पेय पदार्थ चाय, काफी, गुड चाय, तुलसी चाय की रिकार्ड तोड़ बिक्री हो रहीं है साथ हीं लोग ठंड मे गरम नाश्ता व गरम भोजन बडे पैमाने पर करने आस पास के होटल ढाबो मे पहुंच रहे है। ठंड के कारण मॉर्निंग वाक करने वाले विलंब से पहुंच रहे है वहीं शहर का एक मात्र गार्डन भी लेट लतीफ खुल रहा है जिससे लोग सड़को पर हीं मॉर्निंग वाक करने विवश है।

# भाटापारा को व्यवस्थित बस स्टैंड की दरकार

## बस स्टैंड नहीं होने से सड़क पर ही खड़ी हो रही हैं यात्री बसें

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा। शहर मे सर्व सुविधा संपन्न बस स्टैड की आवश्यकता एक लंबे समय से महसूस की जा रहीं है मौजूदा समय मे जगह जगह बसों का ठहराव सड़क पर होने से जहां एक ओर यातायात बाधित हो रहा है।**



वही दूसरी ओर बस मार्ग पर यात्रा करने वाले यात्रियों को रूकने ठहरने व इंतजार करने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बस मार्ग के यात्री सड़क पर या होटल पान दुकान मे बैठकर वाहनो की प्रतीक्षा करते रहते है अरसे पूर्व कृषि उपज मंडी के समीप बनाये गये बस स्टैड का समूचा परिसर खंडहर होने के साथ साथ अवैध कब्जा से इस कदर भर गया है कि यात्री बसों को अब मुख्य सड़क पर ही खड़ा करके यात्री भरने एवं उतारने का कार्य बस संचालक कर रहे है वर्तमान मे भाटापारा से बिलासपुर, बेमेतरा, पथरिया, नवागढ की ओर जाने वाली तमाम बसों को कालेज मार्ग के मुख्य सड़क पर खडी करके यात्री चढाये व उतारे जा रहे है इसी प्रकार के हालात भाटापारा से मुंगेली, नांदघाट, मउ मल्दा की ओर जाने वाली बसों का है जिसका ठहराव मंडी क्षेत्र स्थित सुलभ शौचालय के सामने बीच सड़क पर होने से लोग हलाकान है ठीक इसी तरह भाटापारा से बलौदाबाजार की ओर जाने वाली बसों का है जिसको मुख्य सड़क पर खडी करके यात्रियों को चढाया व उतारा जा रहा है इसी तरह भाटापारा से खरोरा व सुहेला मार्ग की ओर चलने वाली बसों का ठहराव माता देवालय वार्ड शीतला मंदिर के समीप स्थित तालाब किनारे होने से यात्रियों को एक दिशा से दूसरी दिशा की ओर आने जाने मे दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है। सुहेला मार्ग के बस यात्रियों को रिक्शा मे सवार होकर लंबे सफर के बाद शहर आना पड़ रहा है इसी तरह कुछ बसों को रेल्वे स्टेशन क्षेत्र मे तो कुछ यात्री बस का महारानी चौक के सड़क पर खडी करके यात्रियों को चढाने उतारने की प्रक्रिया चालू रहने से सड़क पर यातायात जहां बाधित हो रहा है वहीं यात्रियों की जान जोखिम मे हमेशा इसलिये रहता है कि स्टेशन रोड़ व महारानी चौक यातायात व्यवस्था के हिसाब से अति व्यस्त मार्ग है यहां पर आये दिन छोटी मोटी दुर्घटनायें होती रहती है इस तरह व्यवस्थित बस स्टैड शहर मे नहीं होने से लोग अपनी जान जोखिम मे डालकर सड़क पर से हीं खडी बस मे सड़क मार्ग की यात्रा करने विवश है व्यवस्थित व सुविधा संपन्न बस स्टैड नहीं होने से बाहर से आने वाले यात्रियों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है क्षेत्र के अनेक राजनीतिज्ञ व प्रशासनिक अधिकारी बस स्टैड को व्यवस्थित करने के लिये अनेक बार अखबारी बयानबाजी करते रहे है लेकिन यथार्थ की धरती पर व्यवस्थित बस स्टैड नहीं बन पाया है जिससे समूचे भाटापारा क्षेत्र के सड़क मार्ग के यात्री हलाकान है साथ हीं यातायात व्यवस्था इसीलिये आये दिन जटिल हो रहा है। जनहित मे कृषि मंडी के समीप स्थित पुराना बस स्टैड को व्यवस्थित करते हुये वहां तमाम मार्गो के बसों का ठहराव करने की दिशा मे संयुक्त रूप से प्रयास की जरूरत है।

**अरसे पूर्व कृषि उपज मंडी के समीप बनाये गये बस स्टैंड का समूचा परिसर खंडहर होने के साथ साथ अवैध कब्जा भर गया**





# अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई

**भाटापारा।** श्रीराम तीर्थ यात्रा धाम अयोध्या से आये अक्षत कलश की दिव्य अक्षत कलश की विशाल शोभायात्रा रविवार को महासती मंदिर प्रांगण से निकली जिसमे बडी तादाद मे श्रद्धालु शामिल हुये। इस यात्रा मे अनेक भजन कीर्तन समितियों के सदस्यों ने भक्ति गीत गाकर समूचे माहौल को राम मय बना दिया। वहीं सैकडो की तादाद मे महिलाओं ने कलश यात्रा मे शामिल होकर सहभागिता निभाई इस दौरान जगह जगह कलश यात्रा का स्वागत किया गया। यह यात्रा सती मंदिर, पंचायती मंदिर, गोविंद चौक, सदर बाजार, राम सप्ताह चौक, जय स्तंभ चौक, कांग्रेस भवन, फौव्वारा चौक के रास्ते होते हुये नगर पालिका के पास स्थित महाकाल मंदिर मे जाकर समाप्त हुई जहां पर भव्य आरती का कार्यक्रम किया गया जिसमे महाकाल हनुमान जी एवं श्रीराम की आरती के पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम मे शिवरतन शर्मा, मनोज पांडे, नरेश चौबे, पलाश चौबे, नरेश शर्मा, गिरधर व्यास, बिहारी लाल अग्रवाल, हरगोपाल शर्मा, राजेश उपाध्याय एवं नरेश अग्रवाल सहित बडी संख्या मे अन्य भक्तगण शामिल हुये।

श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया

# द्वारिका पांडेय के निवास पर राजेंद्र शास्त्री की कथा सुनने उमड़ रहे भक्त





ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नारायणी विहार में चल रहे श्री मद भागवत महापुराण में खूब आनंद बरस रहा है।ब्यासपीठ पर विराजित पंडित राजेन्द्र शास्त्री के मुखारविंद से भक्ति रस की अविरल गंगा में नगर के सैकड़ों महिला पुरुष कथा का श्रवण कर रहे है।आज बुधवार को सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष की कथा होगी। नगर के मुख्य मार्ग लिंक रोड स्थित नारायणी विहार फेस 2 में द्वारिका पांडेय परिजनों के द्वारा श्री मद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।कथाभागवत के चतुर्थ दिवस वामन अवतार व कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया,पंचम दिवस रुक्मिणी विवाह मनाया गया,जिसमे पाण्डेय परिवार द्वारा बहुत ही सुंदर लीला प्रस्तुत की गई। पंडित राजेन्द्र शास्त्री की ओजस्वी व सारगर्भित कथा का श्रोतागण भरपूर आनंद ले रहे हैं।कथा का बहुत ही सरल शब्दों में व्याख्यान से श्रद्धालु बहुत ही भावविहोर व आनंदित हैं। बुधवार को सुदामा चरित्र ,परिक्षित मोक्ष,गीता ज्ञान के साथ तुलसी वर्षा होगी। दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होने वाली कथा शाम साढ़े 5 बजे तक रोजाना चलती है और 21 तारीख को हवन पूजन के साथ प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजक द्वारिका पाण्डेय ने धर्मप्रेमी नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होने का अनुरोध किया है।



# शराबबंदी की मांग को लेकर मुरारी की पदयात्रा

**भाटापारा।** पूर्व जिला पंचायत सभापति मुरारी मिश्रा आगामी 24 दिसंबर से शराब के खिलाफचलाये जा रहे अपने नशामुक्त समाज बनाने के आंदोलन के तहत ग्राम टोनाटार से पदयात्रा प्रारंभ करेंगे। यह यात्रा टोनाटार, नवागांव, धंवई बोरसी, करमदा, कुकदा होते हुये खैरताल पहुंचकर 28 दिसंबर को सुबह रवान, परसाभदेर, होकर बलौदा पहुंचेगी जहां शराबबंदी की मांग को लेकर कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। वहां से वापसी मे ग्राम अर्जुनी मे सभा रैली एवं शराब का पुतला दहन कर कार्यक्रम समाप्त होगा। उक्त कार्यक्रम मे कोमल कांत यादव, जतीन, भसगौरी, मनोहर सेन, राजेश साहू, रिखी वर्मा, हीरा ध्रुव, गोपाल ध्रुव, मालिकराम यादव, विष्णु साहू, बुद्धेश ध्रुव, ओमप्रकाश यदु, पुष्पेन्द्र वर्मा व दीपक यादव सहित अनेक लोग शामिल होंगे।

# भाटापारा क्षेत्र में अनेक नेताओं व कार्यकर्ताओं की नियुक्ति शून्य हुई

भाटापारा। संपन्न विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश मे हुये सत्ता परिवर्तन का असर भाटापारा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिज्ञो के कुर्सी पर भी पड़ा छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निगम, मंडल, आयोग, सभा समिति मे राजनीतिक नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से शून्य घोषित कर दिया गया है इस निर्णय के बाद विभिन्न राजनेताओं के कुर्सी जहां पर वे काबिज थे अब खिसक गया है। पूर्व शासन द्वारा कृषि उपज मंडी मे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व किसान सदस्य एवं व्यापारिक सदस्य की नियुक्ति की गई थी इसी प्रकार विभिन्न निगम, मंडल व आयोग मे अनेक लोगों को सदस्य भी नियुक्त किया गया था वहीं नगरीय निकाय मे भी अनेक लोग नियुक्त हुये थे इसी तरह शासकीय हास्पिटल एवं विभिन्न हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं अन्य स्कूल के अलावा उच्चा शिक्षा के अन्य केन्द्रो मे भी राजनीतिक नियुक्ति की गई थी जो अब सत्ता परिवर्तन के बाद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नये निर्देश के बाद शून्य घोषित हो गया है। कुल मिलाकर संपन्न चुनाव मे कांग्रेस की प्रदेश स्तर पर करारी पराजय के बाद कांग्रेस समर्थित तमाम नेता व कार्यकर्ता जो जगह जगह पदस्थ थे वे अब हटाये गये है।

# खपरी सिल्वा में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**भाटापारा।** ब्लाक के ग्राम खपरी सिल्वा मे संकुल केन्द्र स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है उक्त संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता शासकीय प्राथमिक शाला नवीन गुडाघाट प्रांगण मे आयोजित किया गया है जिसमे 21 दिसंबर गुरूवार को प्रथम दिवस के प्रतियोगिता का उदघाटन लेखराम साहू बीआरसी करेंगे शिवकुमार सोनी प्राचार्य कार्यक्रम के अध्यक्ष होंगे। उक्त अवसर पर अनेक सरपंच, पंच व शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 22 दिसंबर शुक्रवार को रामजी पाल बीईओ के मुख्य आतिथ्य मे किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एबीईओ त्रय भास्करचंद देवांगन, मुन्ना लाल नेताम, मुकेश अग्रवाल करेंगे। उक्ताशय की जानकारी समन्वयक ओम प्रकाश ध्रुव ने दी है।

# अक्षत कलश के दर्शन हेतु सती मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

**भाटापारा।** आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या मे श्रीराम मंदिर का भव्य समारोह प्रस्तावित है इसी सिलसिले मे अक्षत कलश का भाटापारा नगर मे आगमन हुआ जिसे महासती मंदिर स्थित राम दरबार मे रखा गया है जहां श्रद्धालु भक्त दर्शनलाभ प्राप्त कर रहे है उक्त कलश का नगर मे दर्शनार्थ भ्रमण कराया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी धार्मिक कार्यकर्ता नरेश अग्रवाल ने दी है।

# आज अक्षत कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी

**भाटापारा।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आये पुजित अक्षत कलश का गृह संपर्क अभियान भाटापारा क्षेत्र मे 17 दिसंबर दिन रविवार दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। इस भव्य शोभायात्रा मे हजारो की संख्या मे श्रद्धालु शामिल होंगे। उक्त शोभायात्रा महासती मंदिर से प्रारंभ होकर जैन मंदिर, पंचायती मंदिर, सदर बाजार, गोविंद चौक, राम सप्ताह चौक, जय स्तंभ चौक व फौव्वारा चौक सहित अन्य प्रमुख मार्गो का भ्रमण के पश्चात नगर पालिका के समीप स्थित महाकाल मंदिर मे पहुंचेगी। उक्त शोभायात्रा मे धर्मप्रेमी बंधुओ से अधिकाधिक संख्या मे शामिल होने की अपील नरेश चौबे, नरेश अग्रवाल सहित अन्य धर्मप्रेमी प्रमुखो ने की है।

# बालसाहित्य रचनाकारों का सेमिनार संपन्न




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** राज्य परियोजना समग्र शिक्षा व राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे बाल साहित्य रचनाकार एवं 16 आँचलिक भाषाओं के जानकार द्वारा बालसाहित्य अनुवाद कार्य करने वाले शिक्षक शामिल हुये। जिसमे कन्हैया साहू, रामेश्वर भगत, विजय सिंह दमाली, अनिल कुल्लू, पुर्णेश डडसेना, योगेश्वरी साहू, शीतल बैस, सुधारानी शर्मा, अलाबिना एक्का, सुनीता भगत, किरण सिंह, अनिता तिवारी, सुनीता यादव, अनिता मंदिलवार, शिव नेताम, गणेश सोढी, रूद्र शर्मा, योगेश साहू, भोलाराम सिन्हा, टिकेश्वर सिन्हा, जीवन लाल चंद्राकर, चौनसिंह सुरकिया, जोगाराम कश्यप, सोढी भीमा, दिनेश तेलम, शंकर नाग, गंगाराम बघेल व ईश्वर मरई आदि ने भाग लिया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्वानों तथा विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग की बालसाहित्य से संबंधित आवश्यकताओं से जोड़ पाना और छत्तीसगढ़ में शैक्षिक परिदृश्य को समृद्ध करने के लिए स्थानीय प्रतिभाओं, संशाधनों, शिक्षकों, नीति निर्माताओं, गैर सरकारी संगठनों और कलाकारों के बीच सहयोग के अवसरों को बढ़ावा देना है।

# अवैध कब्जा हटाओ अभियान में संयुक्त कार्यवाही के साथ मलबा तुरंत हटाने की जरूरत

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शुक्रवार को कृषि उपज मंडी क्षेत्र मे ढहाये गये अवैध कब्जा को प्रशासन द्वारा यूं हीं छोड़ दिये जाने से वहां पर अव्यवस्था का माहौल है इधर प्रबुद्ध नागरिकों ने अवैध कब्जा हटाये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुये कहा है कि संपूर्ण क्षेत्र मे अवैध कब्जा बिना किसी भेदभाव के समान रूप से सभी विभागों के सामंजस्य के साथ हटाये जाना चाहिये। शुक्रवार को सामंजस्य के अभाव मे अवैध कब्जा हटाने वाले स्थल पर घोर अव्यवस्था का माहौल बना हुआ था एक ओर जहां जेसीबी से अवैध कब्जे तोड़े जा रहे थे वहीं दूसरी ओर कमजोर व्यवस्था के कारण निबार्ध रूप से वहां पर यातायात प्रारंभ था जिससे लोग परेशान थे जबकि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत तमाम वाहनो को दूसरे मार्ग से आने जाने के लिये निर्देशित किया जा सकता था इसी प्रकार नागरिको का मत है कि मंडी क्षेत्र के एक बडे भू भाग पर अभी भी अवैध कब्जा है उसे भी हटाकर अस्थाई रूप से सड़क पर खडी हो रहीं तमाम बसों को बस स्टैड के अंदर जाने के लिये विवश किया जाये ताकि सड़क पर अनावश्यक ट्रैफिक जाम न हो इसी प्रकार शहर मे पालिका प्रशासन, नजूल प्रशासन, राजस्व प्रशासन, रेल्वे प्रशासन, कृषि मंडी प्रशासन व लोक निर्माण विभाग के साथ साथ समूचे पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक के बाद भी संयुक्त रूप से अवैध कब्जा हटाने का अभियान प्रारंभ किये जाने की जरूरत है साथ हीं अवैध कब्जे हटाने के दौरान गिरे हुये मलबा टीन टप्पर व अन्य सामान को जब्त करते हुये उसे तुरंत परिवहन किये जाने की भी जरूरत है ताकि फिर से वहां पर अवैध कब्जा न हो सके पिछली गलतियो के कारण बस स्टैड क्षेत्र मे फिर से बडे पैमाने पर अवैध कब्जे हो गये है अवैध कब्जा हटाओ अभियान शहर के जय स्तंभ चौक से रामसप्ताह चौक गोविंद चौक सदर बाजार, जैन मंदिर होते हुये सती मंदिर एवं कालेज रोड़ तक भी कड़ाई से चलना चाहिये इसी प्रकार गोविंद चौक सदर बाजार से हटरी बाजार रेल्वे फाटक अनाज लाईन मे भी बडे पैमाने पर अवैध कब्जा हटाओ अभियान चलाये जाने की नितांत आवश्कता है क्योकि इस मार्ग पर भी लोगों ने सड़क तक आकर लंबे चौड़े चबूतरे व सीढियों का निर्माण कर रखा है इसी तरह के अवैध कब्जे शहर के तमाम हिस्सों मे भी मौजूद है जिसे कड़ाई से तोड़े जाने की जरूरत है। अवैध कब्जा करने वालो मे कई रसूखदार लोग भी शामिल है जिनके कब्जे तोड़ने के लिये प्रशासन को बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही करना चाहिये।

संतोष कुमार साहू (लालू)



ब्यूरोचीफ
"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़" अखबार में
विज्ञापन, समाचार एवं प्रतियों के लिए
संपर्क करें
9827916119

# भाटापारा क्षेत्र में ठंड ने दिखाये तेवर ठिठुरन से लोग सिहरने लगे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** क्षेत्र व शहर मे इन दिनो कड़ाके की ठंड पडने से जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ठंड के कारण रात के साथ साथ अब लोगों को दिनभर जैकेट,स्वेटर पहनना पड़ रहा है वहीं बस व यात्री ट्रेनो मे सफर करने वाले यात्रियों को ठिठुरन से बचने के लिये गर्म कपड़ो के साथ यात्रा करने मजबूर होना पड़ रहा है। भाटापारा रेल्वे स्टेशन से रात्रि व देर रात्रि एवं अल सुबह गुजरने वाली विभिन्न यात्री ट्रेनो मे दरवाजा बंद होने के कारण यहां से सफर शुरू करने वाले यात्रियों को दरवाजा खुलवाने दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है ठंड के कारण अधिकांश यात्री ट्रेनो के दरवाजे व खिड़की बंद होने से भाटापारा रेल्वे स्टेशन से चढने वाले रेल यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इधर कड़ाके की ठंड की वजह से स्कूल बाजार, गार्डन व अन्य स्थानो पर दिनचर्या लेट से प्रारंभ हो रहीं है और तो और प्रातरू कालीन अखबार को वितरित करने वाले हॉकर भी ठिठुरते ठंड व कंपकंपी के बीच अखबार वितरण भी देर से शुरू कर रहे है। ठंड के कारण नगर मे चाय, काफी, दूध व अन्य पेय पदार्थो की बिक्री अप्रत्याशित रूप से बढ गई है इस साल ज्यादा ठंड पड़ने के कारण गर्म कपड़ो का बाजार गरम है व गरम कपडे बेचने वाले तमाम दुकानो मे रिकार्ड तोड़ गरम कपड़ो की बिक्री हो रहीं है। लोग अभी भी रजाई, गददा, कंबल, स्वेटर, शाल, मफ्लर, कंटोप, जैकेट व अन्य तरह तरह के गरम कपडे की बडी तादाद मे खरीदी करने उमड़ पडे है वही घरो के अलावा चौक चौराहो मोहल्ले गलियो मे लोग अलाव जलाकर कड़ाके की ठंड से बचने का भरपूर प्रयास कर रहे है अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनो मे ठंड और बढेगी व प्रातरू कोहरा जैसा सदृश्य भी उत्पन्न हो सकता है इधर कड़ाके की ठंड के कारण आम जनता के स्वास्थ्य पर भी सीधा असर पड़ रहा है अनेक निजी व शासकीय हास्पिटल मे बडी संख्या मे सर्दी खांसी व बुखार के मरीज पहुंच रहे है वहीं इक्का दुक्का निमोनिया के शिकार मरीज भी पहुंच रहे है डाक्टरो का कहना है कि अत्याधिक सर्दी के कारण बुखार, सिर दर्द, छाती मे बलगम जमना, खांसी कब्ज जैसी शिकायतें शहर मे बढ गई है वहीं ठंड के कारण लोगों के त्वचा ऐडियां व होठो के फटने के लक्षण भी दिखने लगे है डाक्टरो ने लोगो को ठंड से बचने की सलाह देते हुये इस मौसम मे चीनी शक्कर जंक फूड, मसालेदार खाना से बचने की सलाह देते हुये शरीर मे गर्मी लाने के लिये तुलसी, अदरक, लौंग काली मिर्च से निर्मित चाय का सेवन करने की सलाह दी है साथ हीं बाहर निकलने पर गर्म कपडे पहनकर चलने की नसीहत भी दी है।

## विजय दिवस पर जय स्तंभ चौक में कार्यक्रम संपन्न



**भाटापारा।** 16 दिसंबर विजय दिवस के अवसर पर स्थानीय जय स्तंभ चौक मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सन 1971 के भारत पाक युद्ध मे देश की एकता एवं अखंण्डता की रक्षा करते हुये शहीद हुये वीर सपूतो को नमन एवं श्रद्धांजलि दी गई। उक्त अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने 1971 युद्ध के बाद नवोदित राष्ट्र बांग्लादेश के निर्माण मे भारत की भूमिका पर भी प्रकाश डाला कार्यक्रम मे नारायणपुर, बस्तर मे नक्सलियो के हमले से शहीद हुये मिथलेश साहू को भी श्रद्धांजलि दी गई। उक्त अवसर पर विधायक इंन्द्र साव, पूर्व सैनिक नारायण साहू, नभ साहू, रघुनाथ पटेल, राजकुमार शर्मा, दिवाकर मिश्रा, ईश्वर सिंग ठाकुर, वीणा साहू, अजय साव, तिलक साहू, जीत नारायण साव, विवेक यदू, अरूण यदू, सत्यजीत शेंडे व मुकेश दास हेंवार सहित बडी संख्या मे अन्य लोग शामिल हुये।

## किसान भवन का लोकार्पण

**भाटापारा।** विधायक इंद्र साव, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी ईश्वर सिंह ठाकुर व अरुण यादव ने ग्राम ग्राम मर्राकोना में मंडी निधि से निर्मित किसान भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष कुबेर यदु, व्यस्थापक सुरेश साहू, जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे, हिम्मत शर्मा, रामकुमार दहारे व बाबूलाल यदु सहित अनेक किसान उपस्थित थे। विदित हो कि मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मंडी मद से भाटापारा विधान सभा के अनेक गाँवों में किसान कुटीर, किसान भवन, खाद गोदाम आदि की आधार शिला पूर्व खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन के साथ रखी थी अब सभी भवन पूर्णता की ओर अग्रसर है। लोकार्पण ग्राम मर्राकोना में विधायक इंद्र साव और मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने किसान भवन किसानो को समर्पित किया।



# तहसील व राजस्व के प्रकरण निराकृत नहीं होने से आमजन हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** तहसील मे व्याप्त अव्यवस्था के चलते आम नागरिकों को अपने राजस्व प्रकरण जो तहसील संबद्ध है उसमे चक्कर पर चक्कर काटना पड़ रहा है। पूर्व मे तहसील कार्यालय मे जो राजस्व के प्रकरण वाले मामले होते थे वे समय सीमा के भीतर सुचारू रूप से निराकृत हो जाते थे लेकिन पिछले एक वर्ष से तहसील कार्यालय मे व्याप्त व्यवस्था व अघोषित रूप से चल रहे आर्थिक लेन देन के कारण नागरिकों के लिये आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना स्थल बनकर रह गया है जहां लोगों के प्रकरण पर तारीख पर तारीख के कागजी पुर्जे व पर्ची थमाये जा रहे है नामांतरण, डायर्वसन, फौती कार्य, नये पटटा का कार्य, पटटा नवीनीकराण कार्य के साथ साथ जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र तथा अन्य राजस्व प्रकरण मे सक्रिय दलालो के काम तहसील मे प्राथमिकता से निपटाये जा रहे है वहीं जो सख्श आर्थिक लेन देन मे व भेंट चढ़ावा मे आना कानी करते है उसे चक्कर खाने विवश किया जा रहा है फ्लस्वरूप लोगों का जनाक्रोश तहसील प्रशासन के विरूद्ध बढते जा रहा है तहसील के राजस्व व नजूल प्रशासन द्वारा क्षेत्र मे अवैध कब्जा हटाने के प्रति भी कोई ठोस कार्यवाही अब तक नहीं किये जाने से शहर व ग्रामीण क्षेत्रो मे अवैध कब्जा करने वाले पूरी तरह सक्रिय है जिससे समूचे प्रदेश मे भाटापारा संभवतरू अवैध कब्जा करने वालो के लिये सुलभ व सुरम्य स्थल बनकर रह गया है।

# खरमास के प्रारंभ होते ही मांगलिक प्रसंग पर विराम, बाजार में सन्नाटा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शनिवार 16 दिसंबर से खरमास प्रारंभ हो गया जो 14 जनवरी 2024 तक प्रभावशील रहेगा। खरमास लगते हीं तमाम प्रकार के मांगलिक प्रसंग पर रोक लग गया है। मसलन विवाह, बेटी बिदाई, मुंण्डन संस्कार, गृह प्रवेश, नामकरण, तिलक, सगाई, उध्यापन, कर्णवेध, यज्ञो पवित्र, समावर्तन, गुरूकुल से बिदाई तथा प्रथम बार तीर्थ यात्रा नई खरीददारी, गृह निर्माण कार्य व तांबे व लोहे के प्रयोग सहित तमाम मांगलिक कार्य पर पूरे एक माह के लिये विराम लग गया है इस दौरान मंदिरो व घरो मे पूजा पाठ मंत्र जाप व धार्मिक कार्य के साथ भजन कीर्तन गीता पाठ श्रीमद भागवत जैसे कार्य जारी रहेंगे। खरमास मे अनेक लोगों के घर पर लहसुन, प्याज, मांस मछली, राई, उडद दाल, मसूर दाल, गोभी, पत्ता गोभी व शहद का प्रयोग भी वर्जित माना गया है। इस बीच खरमास के कारण बैंड बाजे, डीजे एवं वैवाहिक भवन व मांगलिक कार्यो मे विभिन्न प्रसंगो के हिसाब से बिक्री होने वाले तमाम सामाग्रियो के दुकानो पर भी व्यापारिक असर देखने को मिल रहा है। वहीं अनेक लोग खरमास के दौरान विभिन्न तीर्थ स्थलो की ओर रवाना हो गये जिसमे नगर के ज्यादातर लोग मथुरा, वृंदावन, बनारस, उज्जैन, नासिक, त्रयंबकेश्वर, द्वारिका, रामेश्वरम, कन्या कुमारी व जगन्नाथ पुरी सहित अन्य धार्मिक स्थल की ओर रवाना हुये है।

# दत्त जयंती पर हरिद्वार में विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

***प्रबुद्ध मिशन के कोठारी ने बताया : भारत माता मंदिर समन्वय सेवा ट्रस्ट के तीन दिनी आयोजन में हिस्सा लेने कनखल (हरिद्वार) पहुँचेंगीं भारत समेत विश्व की मूर्धन्य विभूतियाँ***

**रायपुर।** विश्वभर में आध्यात्मिक मूल्यों के रक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत आध्यात्मिक संस्था प्रभु प्रेमी संघ के संस्थापक तथा भारत के लाखों साधु. संन्यासियों की सर्वोच्च एवं प्राचीनतम पीठ श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के प्रमुख जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज के श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा की आचार्यपीठ पर पदस्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीदत्त जयंती पर दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव एवं अन्य विविध लोक कल्याणकारी आध्यात्मिक आयोजन कनखल हरिद्वार में होंगे।

**24 दिसंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत के हाथों श्रीपंचदेव यज्ञ के अरणि मंथन एवं आरंभिक देव-पूजन से होगा महोत्सव का शुभारंभ**



प्रबुद्ध मिशन के सदस्य मनोज कोठारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आध्यात्मिक महोत्सव का शुभारम्भ 24 दिसंबर को सुबह 09 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत के हाथों श्रीपंचदेव यज्ञ के अरणि मंथन एवं आरंभिक देव-पूजन से होगा। आध्यात्मिक कार्यक्रमों में देश के सभी सम्प्रदायों के शीर्षस्थ आचार्य, संतों सहित भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला, केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित विश्व की अनेक मूर्धन्य विभूतियों का आगमन आचार्यपीठ हरिहर आश्रम कनखल हरिद्वार में होगा।

श्री कोठारी ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन के तहत श्रीदत्त आराधना महोत्सव, संस्कृति रक्षा सम्मेलन, धर्मसभा, सन्त समागम एवं विभिन्न सांस्कृतिक आध्यात्मिक अनुष्ठानों का आयोजन 24, 25 और 26 दिसंबर को होगा।

# इन्द्र साव का विजय जुलूस निकला

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विजयी प्रत्याशी इन्द्र साव का विजय जुलूस तरेंगा नाका यज्ञ स्थल से निकला जो महारानी चौक, कांग्रेस भवन, जय स्तंभ चौक, मंडी रोड़, सती मंदिर मार्ग, हटरी बाजार, सदर बाजार, गोविंद चौक, आजाद चौक, जय स्तंभ चौक व सुभाष बाजार सहित अन्य मार्ग से होते हुये बाजे गाजे के साथ वापस पहुंचा। उक्त विजय जुलूस मे मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, शैली भाटिया, आलोक मिश्रा, राधेश्याम शर्मा फग्गा, हितेन्द्र ठाकुर, सुरेन्द्र शर्मा, विद्याभूषण शुक्ला, ईश्वर ठाकुर, सतीश अग्रवाल, अरूण यदु, रोशन हबलानी, कुबेर यदु, रामबिलास साहू, कुलदीप सलूजा, त्रिलोक सलूजा, रमेश घृतलहरे, मोहन केशरवानी, भुलुराम कुर्रे, नरेश चौबे, अययुब बांठिया, आबिद खान, दिवाकर मिश्रा, लक्ष्मी पांडे, गोविंदा देवदास, मुनीन्द्र साहू, महेन्द्र साहू, भरत नागवानी, शशिकांत साहू सहित अन्य कांग्रेसी तथा महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ सेवा दल एनएसयूआई के अनेक लोग शामिल हुये जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया।



# भारत पाक युद्ध में शहीद हुये खोंडे का बोर्ड होटल मे कैद हुआ

**भाटापारा।** सन 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान भाटापारा क्षेत्र के वीर योद्ध कृष्ण कुमार खोंडे उक्त युद्ध मे शहीद हुये थे युद्ध के दौरान पाकिस्तान की करारी पराजय के साथ विश्व पटल पर बांग्लादेश के रूप मे नये देश का उदय हुआ था जिसमे कृष्ण कुमार खोंडे की शहादत को लोगों ने नमन किया था उनकी स्मृति को बनाये रखने भाटापारा विश्रामगृह के प्रमुख मार्ग का नामकरण शहीद कृष्णा खोंडे मार्ग के रूप मे किया गया था और इसके लिये बकायदा एक बड़ा बोर्ड भी रेस्ट हाउस के नजदीक लगाया गया था लेकिन कुछ वर्षो बाद वह बोर्ड वाहनो की ठोकर मे गायब हो गया क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिको के लगातार मांग के बाद प्रशासन की ओर से शहीद कृष्णा खोंडे मार्ग का बोर्ड कुछ माह पूर्व फिर से बनाया गया है लेकिन उसकी स्थापना गौरवपथ के मुख्य मार्ग रेस्ट हाउस के मुख्य डिवाईडर मे लगाने के बजाये वर्तमान मे एक होटल के भीतर कैद हो गया है उक्त होटल रेस्ट हाउस के दीवार पर अवैध कब्जे के रूप मे संचालित है जहां शहीद का बोर्ड होटल की शोभा बढा रहा है प्रबुद्ध नागरिकों ने उक्त बोर्ड को शहीद का अपमान बताते हुये उसे गौरवपथ मुख्य मार्ग के डिवाईडर के बीचो बीच सम्मानजनक ढंग से लगाने की मांग की है साथ हीं नागरिकों ने शहीद का आदमकद प्रतिमा स्थापना की भी मांग की है ताकि लोगों को देश के शहादत के लिये अपनी प्रांण न्यौछावर करने वाले शहीद का प्रेरणा दायक कार्य लोगों को याद रहे।

# मोपका कालेज में नशा मुक्त समाज के संबंध में शिविर संपन्न




**भाटापारा।** ग्राम मोपका मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के संबंध मे सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे प्राचार्य अभिलाषा सोनी, आलोक तिवारी, सौरभ सिंग, बालकृष्ण राठौर, सीएल देवांगन, एसडी तिवारी, लखन लाल यादव, सत्यजीत शेंडे, मुकेश दास हेंवार, विवेक यदु, राजा राम ध्रुर्वे, प्रियंका पाटले, लिलेश्वर साहू, ओमकार कौशिक, महादल नायक ज्योति ध्रुव, थानेश्वरी केंवट, करण साहू, आकाश निषाद, युवराज ध्रुव, ज्योति ध्रुव, दुर्गेश्वरी, नंदनी, मंजू, गोमती, खिलेश्वर, मनीष, झावेन्द्र, नीलेश कांक्षी साहू, भुवन, मुकेश, राकेश, सुमन, ईश्वरी साहू व एम के ध्रुव उपस्थित थे।

## वार्षिक निरीक्षण में पहुंचे रेल्वे जीएम

# विधायक इन्द्रसाव ने रखी विभिन्न मांगे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अपने भाटापारा के प्रस्तावित दौरे के तहत रेल्वे जीएम आलोक कुमार सोमवार को भाटापारा स्टेशन पहुंचे इस दौरान यहां की समस्या व कमियो को उजागर करने के नागरिकों के प्रयास को उस वक्त झटका लगा जब रेल्वे के अधिकारियों ने घेराबंदी करते हुये किसी भी सामान्य नागरिक को जीएम से मिलने का मौका नहीं दिया फलस्वरूप जीएम नागरिकों से दूरी बनाकर हीं निरीक्षण की औपचारिकता पूरी करते रहे जिससे स्थानीय लोगों मे आक्रोश व्याप्त है।



जीएम के प्रवास के दौरान इस बीच अनेक लोगों ने स्टेशन की समस्या के संबंध मे अपने अपने ज्ञापन अधिकारियों को दिये जिसमे राधेश्याम शर्मा फग्गा ने रेल्वे गुडश शेड सड़क का नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण करने कुली विश्रामगृह बनाने एवं श्रमिको के लिये सायकल मोटरसायकल स्टैड वहां पर बनाने तथा रेल्वे गुडस साईड मे हाई मास्क लाईट की संख्या बढाने की बात का उल्लेख किया। वहीं कांग्रेस विधायक इंन्द्र साव ने भी बंद पडे अंडरब्रिज की सफाई कराने जनसुविधा टायलेट को प्रारंभ करने सहित अनेक ट्रेनो के स्टापेज की मांग के संबंध मे मांग पत्र दिया गया। रेल्वे जीएम आलोक कुमार से रेल मंडल उपभोक्ता समिति के अरूण छाबड़ा ने भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डीआरएम संजीव कुमार, स्टेशन अधीक्षक अजय यादव सहित आरपीएफ पोस्ट के तमाम अधिकारी कर्मचारी एवं रेल्वे के अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाटापारा में छोटे छोटे गुमटी के अवैध कब्जे लोग स्वयं हटा रहे

## बडे व पक्के अवैध कब्जे को हटाने के लिये प्रशासन को ठोस कदम उठाना होगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी भाटापारा के आधिपत्य वाली जगह को न्यायालय द्वारा खाली किये जाने के पक्ष मे निर्देश मिलने के बाद एक राईस मिलर्स के भारी भरकम कब्जे को दो दिन पूर्व हटाया गया था वहीं अब मंडी क्षेत्र स्थित बस स्टैड परिसर जो कि पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट मे था वह भी अब धीरे धीरे खाली होने लगा है।



लोग जो कि छोटे छोटे कब्जाकर दुकानदारी कर रहे थे वे नोटिस मिलने के बाद से अपने कब्जे हटाकर ईंट टीन टप्पर बांस बल्ली ले जाने लगे है जिससे समूचा बस स्टैड परिसर खंडहर जैसा दिखने लगा है वहीं अनेक अवैध कब्जाधारी अभी भी सीना तान के अवैध कब्जा किये बैठे है जिसे हटाना प्रशासन के लिये चुनौती बना हुआ है इधर पालिका क्षेत्र मे सड़क किनारे अवैध कब्जा करने वाले लोगों को पालिका प्रशासन द्वारा कब्जा हटाये जाने की नोटिस मिलने के बाद से वे भी अपने छोटे मोटे कब्जे हटाने व उतारने मे लगे है

इस बीच पालिका क्षेत्र मे भी पक्के अवैध कब्जाधारी टस से मस नहीं हुये जिससे यहां पर भी पालिका प्रशासन के सामने अवैध कब्जा हटाने की बडी चुनौती है खासकर मुख्य मार्गो पर किये गये अवैध कब्जो से सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है जिससे आये दिन ट्रेफिक जाम होने की समस्या से समूचा शहर जूझ रहा है वहीं संकीर्ण सड़क पर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। अवैध कब्जा शहर के अलावा अंबेडकर पुतला के पास से टेंहका भांठा तक भी फैला हुआ है खासकर पंचशील नगर व टेंहका भांठा मे अवैध कब्जो की बाढ़ सी आ गई है जिसे नेस्तनाबूद करना भी प्रशासन के लिये एक चुनौती पूर्ण कार्य है जनहित मे प्रशासन को बिना किसी भेदभाव के सभी तरह के अवैध कब्जे हटाने के प्रति सघन मुहिम चलाये जाने की जरूरत है जिसमे राजस्व प्रशासन, नजूल प्रशासन, मंडी प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, रेल्वे एवं किसान राईस मिल सहित अन्य विभागों के बीच तालमेल जरूरी है साथ हीं शहर मे पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती भी अवैध कब्जा हटाने के दौरान किये जाने की जरूरत है वहीं हटाये गये अवैध कब्जो के मलबा व टिन टप्पर को तुरंत जब्त करते हुये ले जाने की भी दरकार है ताकि अवैध कब्जा करने वाले फिर से सिर न उठा सके। अवैध कब्जा कुछ महत्वपूर्ण नहर, नाली से भी हटाने की चुनौती भाटापारा प्रशासन के सामने है।

# मुख्य मार्ग पर रॉ मटेरियल रखने वाले को 18 हजार रूपये का जुर्माना

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग मे भवन निर्माण सामाग्री एवं मलमा को बीच सड़क मे रखने वाले के विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी गई है उक्त संबंध मे पालिका मे पदस्थ कार्यपालन अभियंता शंकर दयाल शर्मा द्वारा सुभाष बाजार के मुख्य मार्ग ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल से जय स्तंभ की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर भवन निर्माता उमंग चांवला द्वारा आवागमन बाधित करते हुये रेती गिटटी व भवन का मलबा रखने जाने से अनेक लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है उसको देखते हुये नगर पालिका अधिनियम



1961 की 123 एवं 223 का उल्लंघन नियम के तहत कुल 120 दिवस तक सड़क को बाधित करने के संदर्भ मे सड़क बाधा शुल्क 150 रूपये प्रतिदिन की निर्धारित दर से दंण्ड स्वरूप 18 हजार रूपये दंण्डित करते हुये नगर पालिका के कोष मे तत्काल जमा करने के निर्देश दिये है साथ हीं तत्काल सड़क से रेती गिटटी सहित मलबा को हटाने कहा गया है आदेश के उल्लंघन की स्थिति मे न्यायालयीन कार्यवाही की बात पालिका प्रशासन ने कहीं है।

# अनेक पुलिस कर्मचारी इधर से उधर भेजे गये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन मे मामूली फेरबदल किया है। जिसमे अनेक पुलिस कर्मचारी एक स्थान से दूसरे स्थान भेजे गये है। शहर थाना भाटापारा मे पदस्थ उप निरीक्षक राजकुमार डहरिया को बलौदाबाजार तबादले पर भेजा गया है इसी प्रकार ग्रामीण थाना भाटापारा मे पदस्थ सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंग राजपूत को सुहेला स्थाना स्थानांतरित किया है। भाटापारा यातायात शाखा मे पदस्थ महेन्द्र पोर्ते को शहर थाना पदस्थ किया गया है इसी प्रकार यातायात शाखा भाटापारा मे पदस्थ बीरू कुमार को बलौदाबाजार स्थानांतरित किया गया है यातायात शाखा से हीं सुरेन्द्र साहू को यातायात शाखा सिमगा तबादले पर भेजा गया। शहर थाना भाटापारा मे पदस्थ महेश्वर ध्रुव को थाना राजा देवरी स्थानांतरित किया गया है, विरेन्द्र महिलांगे यातायात शाखा सिमगा को भाटापारा यातायात शाखा मे पदस्थ किया गया है, बसंत कौशिक यातायात बलौदाबाजार को यातायात भाटापारा मे तबादले पर भेजा गया है इसी तरह महिला आरक्षक थानेश्वरी पाटले थाना सुहेला को शहर थाना भाटापारा स्थानांतरित किया



गया है इस प्रकार मामूली फेरबदल पुलिस महकमे मे किया गया है।

## पं.राजेन्द्र शास्त्री का भागवत कथा नारायणी विहार में जारी

**भाटापारा।** नारायणी विहार मे प्रतिष्ठित मिलर्स द्वारिका पांडे निवास पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमे भगवताचार्य राजेन्द्र शास्त्री ने वामन अवतार व कृष्ण जन्म उत्सव तथा रूखमणी विवाह के सुंदर प्रसंग लोगों को सुनाये इस दौरान प्रसंग से जुडे सुंदर लीला प्रस्तुत की गई। उक्त कथा 21 दिसंबर को हवन पूजन व प्रसादी के साथ समाप्त होगी कथा मे अरविंद पांडे, लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुमन शर्मा, राजेश शर्मा, शिवानी शर्मा व लक्ष्मी पांडे सहित बडी संख्या मे धर्मप्रेमी शामिल हो रहे है।



## भाटापारा में घासीदास जयंती की शोभायात्रा में 10 हजार लोगों की उपस्थिति

**भाटापारा।** प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा बाबा घासीदास की 267 जयंती पर मिनी माता धर्मशाला प्रांगण मे स्थित जैतखांब मे डॉ. जीसी जांगडे एवं डॉ. गजेन्द्र महिलांग द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमे बाहर से आये लोक पंथी, नृत्य दल के लोगों ने शहर भ्रमण के दौरान मनमोहक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। शोभायात्रा जगह जगह अन्य सामाजिक व राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा स्वागत करते हुये जल पान व शरबत वितरित किया। शोभायात्रा मे लगभग 10 हजार से अधिक सतनामी समाज के महिला एवं पुरूष शामिल हुये। कार्यक्रम समाप्ति के बाद मिनी माता प्रांगण मे 12 हजार से अधिक लोगों ने भोग भंडारा मे भाग लिया। उक्त कार्यक्रम मे ओम प्रकाश रात्रे, फलितदास भारती, टेकराम मिरी, विजय सोनवानी, लक्ष्मीकांत टंडन, शिव अनंत, आजाद कौशल, कुंजराम कोशले, लक्ष्मण टंडन, योगेश अनंत, संजय टंडन, संजय बघेल, खुबु भारती, गोवर्धन डहरिया व मोहन बांधे सहित अन्य लोग शामिल हुये।



## ब्रम्हकुमारी केन्द्र में कमला दीदी को श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व निदेशिका श्रध्देय राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी कमला दीदी की प्रथम पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे कांग्रेस विधायक इंन्द्र साव, भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल हुये। इस दौरान इंन्द्र साव, शिवरतन शर्मा व उपस्थित अन्य लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये कमला दीदी को याद किया।



# बालको के सुरक्षा संकल्प के 2 वर्ष पूरे, सुरक्षा संस्कृति को मिला बढ़ावा

**बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने सुरक्षा कार्यक्रम 'सुरक्षा संकल्प' के दो साल पूरे होने का जश्न मनाया। बालको शॉप फ्लोर टीम और संगठन के विभिन्न विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों एवं व्यावसायिक साझेदारों ने जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बीते दो सालों में सुरक्षा संकल्प पहल ने संयंत्र परिसर के भीतर कड़े सुरक्षा उपायों को प्रोत्साहित करने में शानदार सफलता हासिल की है।





दिसंबर 2021 से आरंभ सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम का उद्देश्य कोचिंग, काउंसिलिंग, मॉनिटरिंग और त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करने में निहित सुरक्षा संस्कृति का पोषण करना है। हर महीने के पहले दिन आयोजित होने वाले व्यापक प्रशिक्षण सत्रों ने कर्मचारियों को कार्यस्थल पर रचनात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करते हुए सुरक्षा-प्रथम मानसिकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लगातार 25 वें प्रशिक्षण में 1500 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों ने हिस्सा लिया। सभी का उत्साह सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के दो उल्लेखनीय वर्षों के सफल समापन का प्रतीक है।

सुरक्षा संकल्प कार्यक्रम अपने संचालन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई विविध प्रकार की थीम को शामिल करता है। कंपनी व्यक्तियों को सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने सहित उनको प्रोत्साहित करती है। अपने संबंधित विभागों के भीतर सुरक्षा जागरूकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता दिखाई है और दूसरों को कार्यस्थल में सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया है।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको में कर्मचारियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता में से एक है जो हमारी कार्य संस्कृति का हिस्सा है। 'सुरक्षा संकल्प' एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक रहा है जो हमारे कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों की भलाई को प्राथमिकता देता है। यह मील का पत्थर एक सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने के हमारे सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे हम सुरक्षा के उच्चतम मानकों को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बालको ने वार्षिक कोयला खादान सुरक्षा पखवाड़ा-2023 के अंतर्गत चोटिया कोयला खदान में सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया। आयोजित कार्यशाला में खदान के भीतर महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं प्रथाओं पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों ने भाग लिया जिन्होंने एक मजबूत सुरक्षा संस्कृति बनाने का संकल्प लिया।

कंपनी अपने कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए सुरक्षा-केंद्रित कार्यक्रम आयोजित करके हर साल राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन करती है। बालको सुरक्षित ड्राइविंग पाठ्यक्रम, अग्नि सुरक्षा सत्र और सड़क सुरक्षा जागरूकता सहित रेट्रो-रिफ्लेक्टिव सुरक्षा साइनबोर्ड की स्थापना किया है। बालको के प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन और विभिन्न सुरक्षा प्रशिक्षण सत्रों से कर्मचारियों सहित स्थानीय समुदायों में सुरक्षा जागरूक को बढ़ावा मिला है।

मजबूत सुरक्षा संस्कृति का निर्माण करने के लिए कंपनी कई अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया है। जैसे- ऑगमेंटेड एंड वर्चुअल रिएलिटी आधारित प्रशिक्षण केंद्र, वीडियो एनालिटिक्स, सस्टेनेबिलिटी मोबाइल ऐप और ई-लर्निंग पाठ्यक्रम जैसे डिजिटलीकरण के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा संस्कृति से जोड़ा गया है। सुरक्षा क्षेत्र में बालको अत्याधुनिक सेंट्रलाइज्ड सिक्योरिटी ऑपरेशंस सेंटर की मदद से यातायात एवं सड़क सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहित विभिन्न सुरक्षा कार्यों में बेहतर निर्णय लेने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस और डेटा अंतर्दृष्टि का लाभ उठा रहा है। रियल टाइम डेटा की निगरानी, कोयला यार्ड में हॉट स्पॉट डिटेक्शन सिस्टम जैसी परियोजनाओं सहित एंड-टू-एंड डिजिटल डैशबोर्ड की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए थर्मल निरीक्षण का उपयोग करना शामिल है। शॉप फ्लोर में भारी वाहनों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए एलईडी लोगो प्रोजेक्टर का प्रयोग हो रहा है।

सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आंतरिक वाहन संचालन में अत्याधुनिक एआई तकनीक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) को लागू किया गया है।

कंपनी अपने प्रचालन क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी फर्स्टदृष्टिकोण के अनुरूप विभिन्न नवाचारों को अपनाने और कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोपरी रखने का कार्य किया है। द एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन की ओर से गोल्ड कैटेगरी में बालको को ग्लोबल रोड सेफ्टी अवार्ड 2023 पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कंपनी ने सुरक्षा डिजिटलीकरण पर अपनी सुरक्षा संकल्प कुटुंब परियोजना के लिए 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय सुरक्षा अभ्यास प्रतियोगिता में प्लैटिनम विजेता का दर्जा हासिल किया।

## नेटबॉल प्रतियोगिता में ओम कुमार एवं सुरेश का चयन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** गत दिनो चांपा जांजगीर के कालेज मे आयोजित 14 वीं सीनियर राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग के खेल मे भाटापारा के ओमकुमार एवं सुरेश ध्रुव का चयन उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया है उक्त प्रतियोगिता मे छतीसगढ राज्य की 12 टीमो ने भाग लिया जिसमे उक्त दो खिलाडियों ने ओपन ट्रायल मे जगह बनाया है। उपरोक्त खिलाड़ियों के चयन पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, अमित तिवारी, अनिल सिंग, संजय अवस्थी, अश्वनी शर्मा, आकाश वासवानी, निमेश ठाकुर, आरके सोनी, आलोक गुप्ता, हरबंश निषाद, योगेश कटहैल्या, होमी तिवारी व अर्थव तिवारी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## भाटापारा में अक्षत कलश यात्रा का भव्य स्वागत शिवरतन ने सिर पर कलश रखकर पैदल भ्रमण किया जगह जगह लोगों ने उतारी आरती

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** रामलला की जन्मभूमि अयोध्या से निकली अक्षत कलश यात्रा का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान शोभायात्रा में उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा भी शामिल हुये। उक्त यात्रा मे उन्होने कलश को सिर पर उठाकर पैदल भ्रमण किया। यात्रा नगर के सती मंदिर से प्रारंभ होकर सदर मार्ग होते हुये रामसप्ताह चौक से जयस्तम्भ चौक होकर फौव्वारा चौक सुभाष बाजार होते हुये महाकाल मंदिर नगर पालिका के पास समाप्त हुई। यह ज्ञातव्य रहे कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा होना है जिसमे भगवान राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देशभर के लोगों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से अक्षत कलश यात्रा निकाली गई है जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विश्व हिन्दू परिषद को सौंपी गई है। इस अक्षत कलश यात्रा के जरिए रामलला के भक्तों को घर घर पहुंचकर न्योता दिया जा रहा है। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने बताया कि 500 वर्षों के संघर्ष लगभग डेढ लाख लोगों के बलिदान के बाद 22 जनवरी 2023 को भगवान राम अपने महल अयोध्या जन्मभूमि में विराजमान होंगे। पूरे विश्व मे उस दिन दीपावली मना कर प्रभु श्री राम का स्वागत किया जायेगा। वही 22 जनवरी को देश भर के मंदिरों में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सामुहिक रूप से प्रभु राम का भजन कीर्तन होगा। संध्याकाल में मंदिरो को दीपो से सजा कर दीपोत्सव मनाया जायेगा। इस अक्षत को समस्त सनातन धर्मावलंबी कार्यकर्ता घर घर तक पहुचा कर सुविधा अनुसार अयोध्या दर्शन का निमंत्रण देंगे।

# बाबा घासीदास की शोभायात्रा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर मे गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर मिनी माता धर्मशाला से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुये वापस देर रात पहुंची। उक्त शोभायात्रा का जगह जगह लोगों ने स्वागत किया। भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने उक्त शोभायात्रा के दौरान फूल नारियल चढाकर पूजा अर्चना की। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदू, मनेन्द्र सिंग गुम्बर, उमेश माधवानी, राजा कामनानी, सूरज भोई, सतीश साहू, दशरथ साहू, लुकु साहू, संजय शुक्ला, सूर्यकांत योगी, मुकेश साहू, नारायण साहू, विजय यादव, पीयूष साहू, सलीम खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं उक्त शोभायात्रा का स्वागत अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य गणेश सिंग ध्रुव, अभिषेक मोदी, विनोद अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, अमर मंडावी, सत्यनारायण जोशी, अशोक तिवाड़ी, लक्ष्मी पांडे, नवीन बख्श व मनोहर सेन सहित अन्य कांग्रेसजनो ने किया। शोभायात्रा का स्वागत कांग्रेस विधायक इन्द्र साव ने भी किया। उक्त शोभायात्रा मे सतनामी समाज की ओर से ओमप्रकाश रात्रे, टेकराम मिरी, सिरीज जांगडे, लक्ष्मीकांत टंडन, विजय सोनवानी, सुखचंद कुर्रे, मोहन बांधे, एमडी लहरे, फलितदास भारती सहित भारी संख्या मे सामाजिक बंधु एवं महिला पुरुष उपस्थित थे।





## विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने पर भाटापारा क्षेत्र में हर्ष का माहौल

**भाटापारा।** प्रदेश के नये मुख्यमंत्री के रूप मे विष्णुदेव साय के चयन पर भाटापारा क्षेत्र मे हर्ष का माहौल व्याप्त है। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला मंत्री राकेश तिवारी, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष सुनील यदू, मंडल अध्यक्ष मनेन्द्र सिंग गुम्बर सहित अन्य भाजपा नेताओं ने साय के चयन को प्रदेश के विकास के लिये मील का पत्थर बताया है व कहा है कि छत्तीसगढ राज्य ने आदिवासी वर्ग के हित मे मुख्यमंत्री जैसे प्रमुख ओहदे पर राज्य के मूल निवासी का चयन निरू संदेह भाजपा का स्वच्छ विचार धारा वाला चयन है। विष्णुदेव साय के रूप मे प्रदेश को नये मुखिया मिलने से राज्य का प्रत्येक नागरिक गौरवान्वित हुआ है व लोगों को उम्मीद है कि विकास के क्षेत्र मे राज्य की पहचान देश मे विशिष्ट राज्य के रूप मे उभरकर भविष्य मे सामने आयेगा। विष्णुदेव साय का चयन निरू संदेह स्वच्छ ईमानदार व मिलनसार राजनेता का चयन है इसके लिये शिवरतन शर्मा ने केन्द्रीय नेतृत्व व प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुये नये मुख्यमंत्री को बधाई दी है।



## मुख्यमंत्री से उनके नवनियुक्त सचिव दयानंद ने की मुलाकात

### साय ने नए दायित्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ने सौजन्य मुलाकात की. मुख्यमंत्री ने दयानंद को नया दायित्व मिलने पर शुभकामनाएं दी. गौरतलब है कि पी. दयानंद भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2006 बैच के अधिकारी हैं, और उन्हें मुख्यमंत्री के सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है. ईमानदार और साफ-सुथरी छवि के अफसर कहे जाने वाले पी दयानंद को हमेशा से रिजल्ट देने वाले अफसरों में गिना जाता है.



## राम सप्ताह मंडप में 24 को भव्य हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आगामी 24 दिसंबर दिन रविवार को संगीतमय सुंदरकाण्ड समिति के 23 वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्री 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन अखंण्ड राम नाम सप्ताह मंडप मे किया गया है इसके तहत सुबह 8 बजे से 10 बजे तक संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ समिति का हनुमान चालीसा पाठ आयोजित है। सुबह 10 बजे से 11 बजे तक हिन्दु सत्संग मंडल एवं धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी का कार्यक्रम होगा सुबह 11 से 12 बजे तक प्रेम प्रकाश मंडल का कार्यक्रम होगा।

दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक बाबा गरीबदास सत्संग मंडल एवं गोदडी धाम सेवा मंडल की ओर से कार्यक्रम प्रस्तुत होगा दोपहर 1 से 2 बजे तक वीणा साहू एवं ग्रुप द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। दोपहर 2 से 3 बजे तक किरण जोशी एवं मडली द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक शीतला माता महिला मंडल द्वारा कार्यक्रम पेश किया जायेगा शाम 4 से 5 बजे तक महिला मंडल बडा हनुमान मंदिर नेहरू वार्ड का कार्यक्रम होगा। शाम 5 से 6 बजे तक शनिवार हनुमान चालीसा पाठ समिति की ओर से कार्यक्रम पेश किया जायेगा। शाम 6 बजे से 7 बजे तक पंचमुखी हनुमान सुंदरकाण्ड पाठ समिति अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे रात 7 से 8 बजे तक श्याम मित्र मंडल कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम मे भजनो की माला एवं श्रीराम दरबार की भव्य महाआरती का भी आयोजन किया गया है। आयोजनकर्ताओं ने सभी धर्म प्रेमी से उक्त कार्यक्रम मे उपस्थिति का आग्रह किया है।



# कूड़ों के अंबार पर बसा रायपुर जोन 8 का कबीर नगर क्षेत्र, रहवासी परेशान

## बदतर जल निकासी और अंधेरे में जीवन-बसर को मजबूर कबीरनगर निवासी

**मनीष सिंह द्वारा**

**रायपुर** । देश के स्मार्ट शहर की सूची में शामिल रायपुर शहर के जोन क्रमांक 8 के इलाकाई क्षेत्रों के निवासी कूड़ा-करकट से त्रस्त हैं । इन क्षेत्रों में कूड़ों की स्थिति देख एकबारगी ऐसा लगता है मानों यह क्षेत्र कूड़ा-करकट के अंबार पर बसा हो । सबसे बुरी स्थिति कबीरनगर हाउसिंग बोर्ड सोसाइटी का हैं। कबीरनगर में कूड़ा का फैलाव, घरों से अनियमित कूड़ा का उठाव, ध्वस्त जल निकासी व्यवस्था और बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट से रहवासी परेशान हैं।



**नालियों को सोनडोंगरी नाला में नहीं जोड़ने का मामला अदालत में हैं चल चुका**

हाल ही में कबीरनगर मुहल्ला के साफ-सफाई सहित सभी दैनिक रोज़मर्रा की व्यवस्था हाउसिंग बोर्ड से हटकर रायपुर नगर निगम के अधिकार में चला गया है। ऐसा होने के बाद कबीरनगर की बद-से-बदतर होती चली गई है। कबीरनगर की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि मुहल्ला चार फेज में हैं। फेज 1 और फेज 2 में सिंगल स्टोरी मकान अधिक है वही फेज तीन और चार में के बी टी, इ डब्लू एस, एम डी डी जैसी सिंगल स्टोरी के मकान के साथ अटल बस्ती, दीनदलयाल आवासीय फ्लैट, इम्पीरियल हाइट, अविनाश आशियाना जैसी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग हैं। इसके बाद व्यवसायिक परिसर है। यहाँ करीब 25-35 हजार लोग रहते हैं। इस अनुपात में सफाई कर्मचारी नगण्य है। इसलिए यहाँ के प्रत्येक मोहल्ले में सफाई साप्ताहिक ही हो पाता है। इसी वजह से कई मुहल्लों में कूड़ा का उठाव समय पर नहीं होता है, जिसकी वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है।



### बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट, अँधेरे में आवागमन को मजबूर रहवासी

कबीरनगर के लगभग सभी मुहल्लों में स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं। श्याम चैम्बर से जेपी चौक का मुख्य सड़क भी अंधेरे में डूबा रहता है। कबीरनगर के अधिकांश इलाके में औद्योगिक क्षेत्रों के कर्मचारी रहते है, जिनमें अधिकांश को नाईट शिफ्ट में नौकरी करनी होती है और वे बंद पड़ी लाइट से परेशान होते हैं। यही स्थित इम्पीरियल हाइट से के बी टी और फेज 4 की तरफ जानेवाली सड़क की है। इसके अतिरिक्त सभी मुहल्लों में एक या दो स्ट्रीट लाइट को छोड़ दें तो अधिकांश लाइट बंद रहती है। इसकी वजह से रात में महिलाएं और बच्चे नहीं निकलती हैं। इससे अपराधियों की गतिविधि भी बढ़ती जा रही है।

### नालियों को सोनडोंगरी नाला से जोड़ने का ले-आउट प्लान अस्तित्व में नहीं

*धवस्त पड़ी जल निकासी की व्यवस्था नगर निगम के अधिकारीयों की उदासीनता का परिचय परिचय देती है। पुराना थाना के पास स्थित एमडीएस मकान के सामने नालियां तो हैं परन्तु उसका पानी स्थिर रहता है। इसकी वजह से संक्रामक रोग का खतरा बढ़ गया है। हाउसिंग बोर्ड के लेआउट के अनुसार नालियों को सोनडोंगरी नाला में जोड़ा गया है परन्तु धरातल का इसका अस्तित्व ही नहीं है। इसकी एक सुनवाई जन अदालत में चल चुका है। इसी वजह से बीते बरसात में मुहल्ले जलमग्न हो जाते थे । सबसे बुरी हालत तो तब हो जाती है जब सफाई कर्मी इन नालियों से कूड़ा निकाल कर किसी के भी घर के सामने ढेर लगाते हैं और महीनों तक उसका उठाव नहीं होता है।*

### सप्ताह में एक या दो बार शाम चार बजे के पास होता है कूड़ा का उठाव

*ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की स्थित तो और बदतर है। निगम सफाई कर्मचारियों की उदासीनता का यह आलम है कि घरों से कूड़ा का उठाव का कोई निश्चित समय नहीं है । वे अकसर सप्ताह में एक या दो बार शाम के चार बजे के आस - पास आते हैं । यह समय महिलाओं के आराम करने का होता है या वे अन्य काम व्यस्त रहते है । कामकाजी महिलाएं तो इस वक्त मिलती ही नहीं है, जिसकी वजह से उनके घर का कूड़ा सप्ताह भर बाद ही घर में रहता है।*





सफाई के लिए चयनित आउटसोर्स एजेंसी के क्षेत्र में कबीरनगर नहीं था, परंतु वे अतिरिक्त रूप से काम कर रहे हैं। इसलिए वे कचरा लेने के लिए सेकंड हाफ में जाते हैं। यह सही है कि परेशानी है इसलिए यह एजेंसी अब गाड़ियों की खरीदी कर रहे हैं, जिससे समस्या का समाधान जल्द हो जाएगा। बंद पड़ी लाइट का टेंडर हो गया है, जल्द ही उसका भी समाधान हो जाएगा।

– अरुण ध्रुव, जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 8, रायपुर नगर निगम

### क्या कहते हैं रहवासी



सुबह की बजाय शाम को कूड़ा उठाव से हम सभी परेशान हैं । सुबह में घर की सफाई होती है, तो उस वक्त उठाव समझ में आता है । इससे भी अधिक परेशानी तब होती है कि ये रोज नहीं आते हैं और कोई निश्चित दिन या समय नहीं होता है ।

**रोमा कुमारी, गृहिणी**



हमारे मुहल्लों में न तो सड़क की सफाई होती हैं और न ही कूड़ों को समय पर उठाया जाता है । घुमंतू मवेशी के गोबर आदि से पटे पड़े कूड़ा को ये नहीं उठाते हैं ।

**मनमोहन सिंह**
फेज1 निवासी, कबीरनगर

नालियों से निकाले गए कूड़ों को महीनों तक नहीं उठाया जाता है । बजबजाती नालियों के निस्तारण नहीं होने से संक्रामक रोग के फैलने का खतरा तो रहता ही है परंतु उससे अधिक दिक्क त नाली से इन कूड़ों से होता है ।

**-राम जी तिवारी**
**ई डबल्यू एस निवासी**



सड़क की बंद पड़ी लाइट के कारण जब हम रात में ऑफिस से आते हैं तो डर लगता है कि कहीं साँप आदि न आ जाय या कोई असामाजिक तत्व हमें परेशान न करें । कई बार नशे करने वाले युवाओं का जमघट एक अनजाना डर पैदा करता है ।

**- सुजीत सिंह**
**फेज 2 निवासी**

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in